मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 2 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 2- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 56 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या

'सिंघम अगेन' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल ◂◂ 6

हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, पीएम और गृह मंत्री झारखंड आ रहे हैं

राज्य का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ लौटा दें

मेट्रो रेज

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से राज्य के बकाये की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि आज गृह मंत्री, कल प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे हैं। मैं पुनः उनसे करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि हम झारखंडियों का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ हमें लौटा दें।

हेमंत सोरेन ने लिखा कि झारखंड एवं झारखंडियों के विकास के लिए यह राशि अत्यंत आवश्यक है। मैं भाजपा के साथियों, खास कर के सांसदों से भी अपील करूंगा कि वे हम झारखंडियों के इस बकाये को दिलाने में हमारी मदद करें।

- आज शाम गृह मंत्री अमित शाह व चार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आ रहे हैं
- राज्य व यहां के निवासियों के विकास के लिए यह राशि अत्यंत आवश्यक है

झारखंड में 3.6 तीव्रता का भूकंप

रांची : राज्य के कुछ हिस्सों में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 3.6 थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इससे किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी उपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर महसूस किए गए और इसका केन्द्र रांची से करीब 35 किलोमीटर दूर खूंटी में पांच किलोमीटर की गहराई में था। श्रीवास्तव ने बताया कि जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां जिले के कांद्रा में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

बिहार संपर्क क्रांति में बम की अफवाह, गोंडा में पूरी छानबीन के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना

मेट्रो रेज

नई दिल्ली : बिहार से दिल्ली जा रही एक ट्रेन में बम रखा होने की सूचना मिलने पर गोंडा में सुरक्षाबलों ने पूरी छानबीन करके ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार की रात यह जानकारी दी। गोंडा पूर्वी क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मनोज कुमार रावत ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम दरभंगा से नयीदिल्ली जा रही 12565 अप बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बम रखे होने की सूचना दिल्ली नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हुई।

एएसपी ने बताया कि इसके बाद उच्च स्तर से तत्काल नागरिक पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल को सतर्क कर ट्रेन की सघन तलाशी लेने का निर्देश मिला।

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्टेशन पहुंचे सुरक्षाबलों ने शाम 7:30 बजे ट्रेन के गोंडा जंक्शन पर पहुंचते ही घेर लिया और ट्रेन को खाली करवाकर श्वान दस्ते की सहायता से छानबीन की। उन्होंने बताया कि कहीं से कोई आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि पूरी जांच पड़ताल के उपरांत करीब 10 बजे ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना की गई। गोंडा जीआरपी के निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि फर्जी सूचना देने वाले का पता लगाया जा रहा है।

ट्रक और बाइक की टक्कर में दो सगे भाइयों सहित चार की मौत

एजेंसी

हरदा : मध्यप्रदेश के हरदा जिले में दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। यहां उड़ा ग्राम के पास ट्रक और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में दो सगे भाइयों सहित चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि हादसे के बाद वह पलट गया और खाद की बोरियां सड़क पर बिखर गईं। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक चारों युवक हरदा जिले की टिमरनी तहसील के निवासी हैं। ये चारों युवक कल रात एक ही बाइक पर सवार होकर टिमरनी से हरदा आ रहे थे। तभी हरदा जिले के ही उड़ा ग्राम के पास उनकी बाइक की ट्रक से टक्कर हो गई। चारों के शवों को हरदा जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

दो वाहनों की टक्कर में छह लोगों की मौत, पांच घायल

नई दिल्ली : ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में शनिवार तड़के एक वाहन के ट्रक से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना हेमगिरि पुलिस थाने के अंतर्गत गायकनापाली इलाके के पास हुई। यात्रियों को ले जा रही एक वैन ट्रक से टकरा गई थी। उन्होंने बताया, कीर्तन समूह के छह सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। ऐसा संदेह है कि इलाके में धुंध के कारण यह दुर्घटना हुई। कीर्तन पार्टी दिवाली के अवसर पर एक कार्यक्रम के लिए चक्कपलाई गांव गई थी और कार्यक्रम केबाद अपने गांव लौट रही थी। अधिकारी ने बताया कि ये लोग सुंदरगढ़ जिले के कंडागोडा और समरपिंडा गांव से थे। उन्होंने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की मांग करते हुए सड़क जाम कर दी।

अपराधियों ने मिनी हाइवा में लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस

मेट्रो रेज

हुसैनाबाद(पलामू) : जिले के दंगवार ओपी क्षेत्र के डूमरहाथा गांव में अपराधियों ने मिनी हाइवा में आग लगा दी, जिसके बाद गांव में दहशत का महौल बन गया है। घटना देर रात की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों इस घटना को अंजाम मनोज सिंह के होटल के समीप दी और यह हाइवा मनोज सिंह की बतायी जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब शनिवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रहे है। यह आगजनी किस वजह से की गयी है। अपराधियों द्वारा पूर्व में कोई धमकी मिली थी। इसको लेकर पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

आगलगी में मिनी हाइवा पूरी तरह जल गया है। वहीं पुलिस आस पास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। वहीं लोगों ने बताया कि उक्त हाइवा डूमरहाथा गांव के मनोज सिंह ने पिछले छह महीने पूर्व में लिया था जो क्रशर प्लांट से गिट्टी छरी ढोने में होता था। अक्सर वाहन मनोज सिंह के होटल के पास खड़ी रहती थी।

झारखंड विस चुनाव : दूसरे चरण में 38 विधानसभा से 528 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

रांची/मेट्रो रेज : झारखंड के 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आयेंगे। झारखंड में दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर मतदान होने हैं। दूसरे चरण में कुल 634 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। 30 अक्टूबर को स्क्रूटनी के बाद 560 प्रत्याशी बचे। वहीं 1 नवंबर को नॉमिनेशन वापस लेने के अंतिम दिन 32 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया। इसके बाद अब चुनावी मैदान में कुल 528 प्रत्याशी हैं, जिनके बीच 20 नवंबर को कड़ा मुकाबला होगा। बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में इन 38 विधानसभा से 583 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में भारतीय सेना ने मुठभेड़ के दौरान दो आंतकियों का मार गिराया

जम्मू- कश्मीर : जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में भारतीय सेना ने 2 आंतकवादियों को ढेर कर दिया है। इस मुठबेड़ में एक स्थानीय और दूसरा विदेशी आतंकी के मारे जाने की सूचना है। इसके साथ ही श्रीनगर के खानियार और बडगाम में भी भारतीय सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है।श्रीनगर जिले के खानयार में शनिवार 2 नवंबर को लगभग ढाई साल बाद सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली विशेष खुफिया जानकारी के बाद सुरक्षाबलों ने इस अभियान को शुरू किया। इसके साथ-साथ उत्तरी कश्मीर के बांदीपुरा में भारतीय सेना एक और आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहा है।

महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने की खौफनाक सजा

29 बच्चों को 90 दिनों तक नहीं दिया भोजन, अब मिलेगी मौत

एजेंसी

अबुजा : महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने पर एक पश्चिम अफ्रीकी देश बच्चों को इतनी खौफनाक सजा देने जा रहा है, जिसे सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। पहले तो बच्चों को 90 दिनों तक बिना भोजन के हिरासत में रखा गया। अब उनको मौत की सजा देने की आशंका जाहिर की जा रही है। बता दें कि नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ भारी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया था। इस विरोध प्रदर्शन में 29 बच्चे भी शामिल थे। उन्हें शुक्रवार को सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का आरोपी बनाया गया। अब इस मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें मौत की सजा दी जा सकती है।

अदालत में अपनी दलील रखने से पहले उनमें से 4 बच्चे थकावट के कारण बेहोश होकर गिर गए थे। समाचार एजेंसी ह्यएसोसिएटेड प्रेसह्न द्वारा देखे गए आरोप पत्र के अनुसार, नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए कुल 76 प्रदर्शनकारियों पर 10 संगीन आरोप लगाए गए, जिनमें राजद्रोह, संपत्ति को नष्ट करना, उपद्रव मचाना और विद्रोह करना शामिल हैं। आरोप पत्र के अनुसार, नाबालिगों की उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच है। नाइजीरिया में जीवन जीने की लागत बढ़ने के कारण हाल के महीनों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं।

नौकरियों की मांग करने पर 20 लोगों को मार दी थी गोलीः आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि युवाओं के लिए बेहतर अवसरों और नौकरियों की मांग को लेकर अगस्त में हुए प्रदर्शन के दौरान कम से कम 20 लोगों को गोली मार दी गई थी। इससे उनकी मौत हो गई थी और सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था। नाइजीरिया में मृत्युदंड की सजा 1970 के दशक में शुरू की गई थी, लेकिन 2016 के बाद से देश में किसी को भी मौत की सजा नहीं दी गई। अबुजा के एक निजी वकील अकिंतयो बालोगन ने कहा कि बाल अधिकार अधिनियम के तहत किसी भी बच्चे के खिलाफ अपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकती और न ही उसे मौत की सजा दी जा सकती है।

90 दिनों से बच्चों को नहीं दिया भोजनः बालोगन ने कहा, इसलिए नाबालिगों को संघीय उच्च न्यायालय के समक्ष पेश करना ही गलत है। प्रदर्शन में शामिल कुछ लड़कों की पैरवी करने वाले वकील मार्शल अबूबकर ने बताया कि अदालत ने अंततः प्रत्येक प्रतिवादी को जमानत दे दी तथा उन पर कठोर शर्तें लगाई हैं। अबूबकर ने कहा, एक ऐसा देश जिसका कर्तव्य अपने बच्चों को शिक्षित करना है, वह इन बच्चों को दंडित करने का फैसला करेगा। ये बच्चे 90 दिनों से बिना भोजन के हिरासत में हैं।

भाजपा की सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में दो लाख नौकरी: शिवराज

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची: झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान दो चरणों में होना है। 23 नवंबर को मतगणना के बाद सरकार गठन की तस्वीर साफ होगी। इससे पहले राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा और सत्ताधारी दल- झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के बीच बयानों के तीर चल रहे हैं। ताजा घटनाक्रम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के बयान और उस पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पलटवार का है। मामला सीएम हेमंत सोरेन के हलफनामे में उनकी उम्र का उल्लेख किए जाने से जुड़ा है। केंद्रीय मंत्री और झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा, भाजपा का संकल्प है कि सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 2 लाख से अधिक खाली पदों को भरने का प्रस्ताव स्वीकृत किया जाएगा।'

झारखंड में रोजगार के लाखों नए अवसरों का सृजन होगा: बकौल शिवराज सिंह चौहान, भाजपा की सरकार बनने पर कैलेंडर बना कर भर्तियां की जाएंगी।' उन्होंने कहा 'हमारा संकल्प है कि पेपर लीक की पूरी जांच होगी, गलत तरीके से आयोजित परीक्षाओं को निरस्त किया जाएगा। नौजवानों को न्याय मिलेगा। हम खाली पदों को भरने के अलावा 5 लाख और रोजगार के अवसर सृजित करेंगे।'

झामुमो को ध्यान न भटकाने और तथ्यों पर बात करने की चुनौती: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हलफनामे में गलत आयु के उल्लेख को लेकर पत्नी कल्पना सोरेन के बयान से जुड़े एक सवाल पर शिवराज ने पलटवार किया। उन्होंने पूछा, 'हार-जीत वाली बात कहां से आ गई? विषय को भटकाएं नहीं, तथ्यों पर बात करें।।तथ्यों को भटकाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? शिवराज ने कहा कि कल्पना सोरेन का बयान उनका अहंकार दिखाता है कि जो चाहेंगे लिख देंगे।'

भाजपा ने हेमंत की आयु पर किया सवाल: कल्पना सोरेन के बयान पर भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा, कल्पना सोरेन को भाजपा का जवाब है कि विवाद की शुरूआत हमने नहीं उनके पति ने की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 में मजिस्ट्रेट के सामने शपथ ली कि उनकी उम्र 42 साल है।' शाहदेव ने कहा, जब हेमंत सोरेन 2024 में शपथ लेंगे कि उनकी उम्र 49 साल है। तो कल्पना सोरेन के पति आइंस्टीन के सापेक्षता सिद्धांत को साबित कर रहे हैं। या उसे एक नया अर्थ दे रहे हैं।

झूठ और छल का सहारा लेने का आरोप: उन्होंने पूछा कि पांच साल में कोई व्यक्ति सात साल बड़ा कैसे हो सकता है? विवाद की शुरूआत खुद हेमंत सोरेन ने की। हेमंत सोरेन की सरकार ने पांच साल तक झूठ और छल के आधार पर राज्य में सरकार चलाई। अपने राजनीतिक जीवन में एक बार फिर उन्होंने झूठ और छल का सहारा लिया है।

क्या है कल्पना का बयान: शिवराज के पलटवार से पहले कल्पना सोरेन ने पति हेमंत की आयु से जुड़े विवाद को लेकर एक नवंबर की रात एक सवाल के जवाब में कहा, 'क्या उम्र इतना बड़ा फैक्टर बन गया है? मुझे लगता है कि भाजपा हेमंत सोरेन से इतनी डरी हुई है कि उन्हें कोई विषय नहीं मिल रहा है।' कल्पना के मुताबिक भाजपा अपना भविष्य देख चुकी है। जब से उन्होंने हेमंत को जेल भिजवाया और अब वे बाहर आ चुके हैं। भाजपा हेमंत सोरेन से बुरी तरह डरी हुई है। झारखंड के लोग हेमंत सोरेन पर भरोसा करते हैं।'

मतगणना 23 नवंबर को होगी: गौरतलब है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक झारखंड में दो चरणों- 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा। अलग-अलग राज्यों में कई सीटों पर उपचुनाव भी कराए जाने हैं। दोनों राज्यों के आम चुनाव और उपचुनाव के बाद मतगणना 23 नवंबर को होगी।

न्यूज ब्रीफ

मतदान कर्मियों का हुआ रेंडमाइजेशन

जमशेदपुर: विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन बृहस्पतिवार को जिला सभागार में हुआ। इस दौरान उपायुक्त के अलावे सभी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षकम मौजूद रहे। रेंडमाइजेशन का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किए गए विशेष साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। विदित हो कि प्रथम रेंडमाइजेशन में निर्वाचन में कार्य करने वाले कर्मचारियों का चयन हुआ था। दूसरे रेंडमाइजेशन में सभी 1913 मतदान केन्द्रों के लिए विधानसभावार मतदान दल गठित किए गए। तीसरा रेंडमाइजेशन मतदान दल रवाना होने से पहले किया जाएगा। जिसमें मतदान केन्द्रों के लिए कर्मी निर्धारित किए जाएंगे। इस दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, विशिष्ट अनुभाडन पदाधिकारी राहुल जी आनन्द, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी किशोर प्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सीसीएल ढोरी में मना कोल इंडिया का स्थापना दिवस

बोकारो: सीसीएल ढोरी क्षेत्र में शुक्रवार को कोल इंडिया का 50वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। ढोरी महाप्रबंधक रंजय सिन्हा ने कर्मियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश की ऊर्जा की जरूरतें पूरी करने में कोयले के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होनें अधिकारियों व मचारियों से अपील की कि वे अपनी क्षमताओं को और बेहतर व कारगर तरीके से इस्तेमाल करते कोयला उत्पादन में कंपनी की बादशाहत बनाए रखें।

इंडिया गठबंधन की बैठक, प्रत्याशी की जीत पर बनी रणनीति

रांची: इंडिया गठबंधन की बैठक शुक्रवार को हरमू स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई तथा केंद्र स्तर से बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकताओं तथा नेताओं में सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया गया। इण्डिया गठबंधन के घोषणा पत्र में किन मुद्दों को प्रभावी रूप से जनता के बीच रखना है तथा किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है, इन सब विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, बंधू तिर्की, अशोक चौधरी, भाकपा (माले) के शुभेंदु सेन, राजद की अनीता यादव ने अपनी बातों को रखा।

मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने राजद के लिए मांगा वोट

कोडरमा: राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में शुक्रवार को मरकच्चो प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में बिहार के मखदुमपुर के चर्चित विधायक सतीश दास ने राजद के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगे। उन्होंने विधानसभा के जनता मालिको से संविधान बचाने और लालू प्रसाद यादव की सींची गयी जमीन कोडरमा में मौकापरस्त और जाति-धर्म के नाम पर बांटने वालों के खिलाफ वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोडरमा में राजद अपनी विचारधारा के बदौलत समाज मे एकता कायम कर जनता के बीच आई है, जनता मालिको के लिए सुभाष प्रसाद यादव ने सेवा करने में कोई कसर नही छोड़ी है। जनता इसबार कोडरमा में बदलाव के लिए अग्रसर है और राजद के गढ़ को मजबूत आवाज विधानसभा में भेजने को आतुर है। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, मनोज रजक, संजय दास, बलदेव राणा, संजय राम, घनश्याम तुरी, मनोज दास, रमेश घटवार, महेंद्र तुरी व अन्य मौजूद थे।

रांची रेल मंडल ने लगाया ग्राहक शिकायत निवारण शिविर

रांची : सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत रांची मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा हटिया रेलवे स्टेशन पर ग्राहक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पार्सल, पार्किंग एवं कैटरिंग स्टाल के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए । ग्राहक शिकायत निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य उपस्थित प्रतिनिधियों से उनकी वर्तमान समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करना, उनके सुझाव लेना व उन समस्याओं के समाधान पर विचार करना था। शिविर में स्टेशन प्रबंधक ध्रुव कुमार, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अनुराग कुमार, वाणिज्य निरीक्षक रवि कुमार, खानपान निरीक्षक कौशिक घोष व मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक एके दास सहित अन्य उपस्थित थे।

नुक्कड़ नाटक का आयोजन: रांची स्टेशन पर भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा यात्रियों व रेलवे कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया गया ।

एनोस एक्का ने झापा कार्यकर्ताओं संग की बैठक

सिमडेगा : एनोस एक्का ने झापा कार्यकर्ताओं संग की बैठक। एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी की जीत सुनिश्चित है,भारी से भारी मतों से झारखंड पार्टी चुनाव जीत रही है,सभी कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान तेज करें डोर टू डोर कैंपेन करके झारखंड पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। इस क्षेत्र का विकास झारखंड पार्टी ने किया है और आने वाले समय में भी झारखंड पार्टी द्वारा ही किया जाएगा।श्री एक्का ने कहा की सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कमर कस लें। आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए भी लोगों को जागरूक करें,झारखंड पार्टी सबसे पुरानी पार्टी है और माय-माटी की पार्टी है।हमारे कार्यकाल में पूरे सिमडेगा जिला का चहुंमुखी मुखी विकास हुआ था।क्षेत्र की जनता त्रस्त है,झारखंड पार्टी के चुनाव जीतते ही पुनः वे दिन वापस आएंगे और संपूर्ण क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

सहायक अध्यापक संघ के महासचिव फिरनाथ बड़ाईक ने दिया इस्तीफा

सिमडेगा । सहायक अध्यापक संघ सिमडेगा के महासचिव फिरनाथ बड़ाईक ने अपने पद एवं संघ के प्राथमिक सदस्यता से स्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना स्तीफा संघ के अध्यक्ष एहतेशामुल हक को सौंपते हुए इसका कारण निजी बताया है और कहा है कि इनकी नियुक्ति सरकारी शिक्षक के रुप में हो गई है जिसके कारण वे स्तीफा सौंप रहे हैं तथा स्तीफा स्वीकृत करने का आग्रह किया गया है। ज्ञात हो विगत 27 सितंबर 2024 को रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सूबे के मुख्यमंत्री माननीय हेमन्त सोरेन ने इन्हें अपने कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया था। श्री फिरनाथ बड़ाईक ने स्तीफा देते हुए कहा है कि वे एक लंबे समय से सिमडेगा जिला महासचिव सहित प्रदेश स्तर के अनेकों पद पर विराजमान रहे हैं,पर दुःख और मलाल इस बात का है कि वे अपने नेतृत्व में सहायक अध्यापकों को उनका वाजिब और चिरप्रतीक्षित मांग स्थायीकरण के साथ वेतनमान न दिला सके।

डोमचांच में राजद के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

मेट्रो रेज संवाददाता

डोमचांच: नगर क्षेत्र टैक्सी स्टैंड पेट्रोल पंप के समीप महागठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव का चुनावी कार्यालय का राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। जिसमें इंडिया गठबंधन के तमाम नेतागण कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं के समक्ष एक सभा में राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि गठबंधन सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को जनता के बीच रखना है। कोई टक्कर में नहीं है। काम आप कीजियेगा चुनाव हमलोग जीत रहे है। डोमचांच का जनसंपर्क अभियान शनिवार को सुभाष प्रसाद यादव की पत्नी बेटी बेटा जनसंपर्क अभियान में शामिल रहेंगे वो ना

सही उनका परिवार जनता के बीच वोट मांगने का काम करेंगे। वहीं राजद नेता अवधेश यादव ने कहा थाना प्रभारी ओर बीडीओ का हिम्मत ही नहीं होगा कि जनता के किसी काम को लेकर परेशान करें आपका ये कोडरमा विधानसभा में जनता के बीच सरकारी मुद्दों को रखने पर गठबंधन के प्रति रुझान होगा। आपका पार्टी और गठबंधन का प्रत्याशी भी मजबूत है। सुभाष यादव को जिताएंगे तो आपकी हर समस्याओं का समाधान होगा मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामधन यादव प्रदेश के नेता अवधेश सिंह यादव, नगर अध्यक्ष परवेज खान पुरनाडीह मुखिया पप्पू यादव, मनोज रजक, संजय दास, मुस्तफा अंसारी, प्रदीप सिंह, मोइन खान, बैजनाथ मेहता, शकील अहमद, महावीर यादव, जियाउल अंसारी, रज्जाक अंसारी, इदरीस अंसारी, अजय कृष्ण मोदी, निजाम अंसारी, मो। असलम, विकाश यादव तथा सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

काली पूजा स्वागत समिति हरमू की महाआरती में लिया गया नशा मुक्ति का संकल्प

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची: काली पूजा स्वागत समिति हरमू रोड की महाआरती में नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया। यह संकल्प समिति के मुख्य संरक्षक सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने दिलाया। उन्होंने कहा कि नशा समाज में घुला ऐसा जहर है, जिसे बिना सामाजिक सरोकार से दूर नहीं किया जा सकता है। साथ ही समिति के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों की सराहना भी की। इस अवसर पर काली पूजा स्वागत समिति के सदस्यों ने नशा मुक्ति के खिलाफ वर्ष भर अभियान चलाने का संकल्प लिया। महाआरती का आयोजन क्राउन पब्लिक स्कूल परिसर में हुआ।

आयो-आयो नवरात्रि त्योहार हो अंबे मैया: इस अवसर पर आयो-आयो नवरात्रि त्योहार हो, अंबे

मैया तेरी जय-जय जयकार, जैसे भजनों पर कोमल छाया और हरीश उर्फ लला ने भक्तों को झुमाया। इसके बाद सामूहिक महाआरती की गयी। महाआरती में शामिल सभी महिलाएं एक ही रंग की साड़ी में थीं। सभी के हाथों में आरती की सजी हुई थाल थी। आरती के बाद सामूहिक प्रार्थना हुई। प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर रांची से भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह, सचिव अनिल माथुर, झामुमो नेता नवीन चंचल, सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन मिश्रा, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, ओम प्रकाश, पत्रकार रजत गुप्ता, उदय वर्मा, कुमार कौशलेंद्र, शंकर दुबे, महेश चंद्रा, आशीष कुमार आदि उपस्थित थे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष प्रेम वर्मा की अगुवाई में सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

स्कूल में घुसकर जान मारने की नियत से हमला, थाने में दिया आवेदन

मेट्रो रेज संवाददाता

डोमचांच: नवलशाही थाना क्षेत्र धरगांव निवासी रामकृष्ण मेहता पिता जयनारायण मेहता ग्राम घागाँव पो० फुलवरिया थाना नवलशाही, जिला कोडरमा निवासी ने सुदाम पडित पिता स्व० सीताराम पंडित ग्राम पुरनाडीह थाना नवलशाही जिला कोडरमा एवं बहादुर मेहता पिता सुगी मेहता ग्राम फुलवरिया थाना नवलशाही जिला कोडरमा निवासी ने अचानक माजमा बनाकर मेरे स्कूल एसएसएस हाई स्कूल में घुसकर जान मारने की नियत से मेरा गला दबा दिया। तथा भद्दी- भद्दी गाली गलोज एवं मारपीट किया। दोनों ने एक स्वर में बोला की जिंदा रहना है तो एक सप्ताह के अंदर एक लाख रुपया नकद दो। उक्त घटना दिनांक 31। 10। 2024। दिन गुरुवार समय करीब 1:00 बजे दिन की है। आवेदक ने कहा कि दोनो के द्वारा जाते- जाते कहा गया कि आज शाम तक तुम्हे उठा लेंगे।

छठ महापर्व को लेकर ट्रेनों में भीड़ शुरू

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची: छठ महापर्व को लेकर ट्रेनों में भीड़ शुरू हो गयी है। रांची रेलवे स्टेशन में शुक्रवार को बिहार होकर जानेवाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ गयी। दीपावली का त्योहार बीतने के बाद से ही व्रती और उनके परिजन अपने घर जाना शुरू कर देते हैं। शुक्रवार को हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस और मौर्य एक्सप्रेस में भारी भीड़ देखने को मिली। इसके स्लीपर क्लास से लेकर सामान्य श्रेणी के कोच तक में भीड़ रही। शनिवार से यह भीड़ और बढ़ जायेगी।

पांच से शुरू होगा छठ महापर्व: पांच नवंबर से छठ महापर्व शुरू हो जायेगा। इस दिन नहाय खाय का अनुष्ठान होगा। इसलिए लोग इससे पूर्व अपने घर जायेंगे। भीड़ से बचने के लिए कई लोग निजी वाहन से भी अपने घर जाते है। वहीं रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेन भी चलायी गयी है।महाआरती में नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया काली पूजा स्वागत समिति हरमू रोड की महाआरती में नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया। यह संकल्प समिति के मुख्य संरक्षक सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने दिलाया।

आरई कॉलोनी के मां काली मंदिर में हुई भव्य काली पूजा अर्चना

सिमडेगा: दीपावली और मां काली पूजा के अवसर पर आर ई कॉलोनी में मां की भव्य और विशेष पूजा की गई इस अवसर पर मंदिर के पुजारी नील मोहन मुखर्जी ने विधिवत रूप से मां काली की पूजा अर्चना की और भोग चढ़ाया इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन और शहर वासी भी उपस्थित थे ।मां काली के पूजा अर्चना के पश्चात मंदिर के पुजारी श्री मुखर्जी ने बताया कि यूं तो प्रतिदिन इस मंदिर में हमेशा भक्तजनों और श्रद्धालुओं का आगमन होता है तथा विशेष रूप से अमावस्या के दिन भक्तों की भीड़ होती है।काली पूजा के अवसर पर मंदिर को आकर्षक और भव्य तरीके से सजाया जाता है तथा मां की विशेष रूप से पूजा अर्चना कर भोग चढ़ाया जाता है।

सिल्ली बाजार के शेड का मरम्मत के लिए कई बार हुआ शिलान्यास, मगर मरम्मत हुई नहीं

बर्षो से जर्जर है शेड, जान जोखिम में डालकर लोग करते हैं बाजार

मेट्रो रेज संवाददाता

सिल्ली: सिल्ली सप्ताहिक बाजार में बना शेड बर्षो से जर्जर है। लोग जान जोखिम में डालकर दुकान लगाते है । विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगने से करीब 15 दिन पूर्व 30 सितंबर को एक ही दिन में दो बार शिलान्यास हुआ है। एक शिलान्यास पट्ट में लिखा है 15वें वित्त आयोग मद से पंसस द्वारा शेड मरम्मतिकरण पार्ट -1 और दूसरा शिलान्यास पट्ट में लिखा है शेड का मरम्मति पार्ट - 2 दोनों का शिलान्यास प्रमुख उप प्रमुख एंव पंसस के गरिमामयी उपस्थिति में सुसंपन्न हुआ है । शेड का मरम्मतिकरण पार्ट - 1 और मरम्मति पार्ट 2 यह स्थानीय लोगों के लिए समझ से परे है लोग कहते है शेड बर्षो से जर्जर स्तिथि में है और गंदगी का अम्बार लगा रहता है जनप्रतिनिधि आते है फोटो खींचवाते फिर सुर्खियों में बने रहने के लिए अखबरों में छपवाते है यहां कोई काम नही होता है। लोगों ने यह भी बताया कुछ लोग है जो बाजार समिति के नाम पर बाजार और सड़कों में उगाही करते है। बतातें चलें की सोमवार को लगने वाला सिल्ली बाजार बहुत पुराना सप्ताहिक बाजार है इसको सिल्ली हाट के नाम से भी जाना जाता है।

आज रांची आ रहे अमित शाह, भाजपा नेताओं के साथ करेंगे चुनावी रणनीति पर चर्चा

मेट्रो रेज

रांची: केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार शाम रांची पहुंचेंगे। रांची में अमित शाह प्रदेश कार्यालय में आयोजित दो बैठक में शामिल होंगे। पहली बैठक प्रदेश भाजपा के नेताओं की है। इसमें संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्व सरमा भी शामिल होंगे और अबतक की चुनावी प्रक्रिया पर विमर्श करेंगे। इसके बाद सभी विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक होगी।

इस बैठक में चुनाव प्रचार अभियान पर चर्चा होगी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और तीनों प्रभारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। गृहमंत्री इन बैठकों के साथ ही विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति बनाने का काम करेंगे। रविवार को रांची से ही वो सिमरिया, बरकट्ठा और घाटशिला जाएंगे। इन तीनों जगहों पर भाजपा प्रत्याशी के लिए अमित शाह वोट की अपील करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे।

जिन लोगों ने नाम वापस लिया उनसे मिल सकते हैं अमित शाहः

रांची प्रवास के दौरान गृहमंत्री अमित शाह उन लोगों से भी मिल सकते हैं जिन्होंने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कराया था और बाद में वापस ले लिया। चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इन बागी नेताओं को नाम वापस करने के लिए मनाया था। इसके अलावा पार्टी के सांसदों की भी गृहमंत्री संग बैठक की संभावना है। इसमें उनके क्षेत्र में चुनाव पर विमर्श किया जाएगा।

4 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभाः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 नवंबर को गढ़वा और चाईबासा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने रांची प्रवास में प्रधानमंत्री के दौरे से जुड़ी जानकारी भी लेंगे। इसके अलावा और किन विधानसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री की सभा होनी है इसकी योजना भी बनाई जाएगी।

टिकट नहीं मिलने से रुठे भाजपाइयों को मनाने में सफल रहे असम के सीएमः असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश सह प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने पश्चिमी सिंहभूम में कदम रखते ही भाजपा के बागी नेताओं को समझा कर फिर से पार्टी के साथ चलने के लिए राजी कर लिया जिससे भाजपा प्रत्याशियों को एक बार फिर बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद जग गई है। हिमंत बिस्व सरमा बुधवार सुबह 10।30 बजे चाईबासा चुनाव कार्यालय पहुंचे।

वहां उन्होंने जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के बागी नेता मंगल सिंह गिलुवा से मुलाकात की, जिसके बाद वह फिर से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को समर्थन देने के लिए राजी हो गए। उन्होंने अपना पर्चा भी वापस ले लिया। वहीं, सरमा ने फोन से मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक से बात की, जिसके बाद उन्होंने भी हामी भरते हुए नामांकन पत्र वापस लेने की बात कही।

झारखंड प्रशासनिक सेवा के 953 अफसरों की सीनियरिटी लिस्ट जारी

रांची : राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 953 अफसरों का सीनियरिटी लिस्ट जारी कर दी है। कार्मिक द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इस लिस्ट को लेकर अफसर 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। फिर आपत्तियों की समीक्षा के बाद नये सिरे से लिस्ट जारी की जायेगी।

झारखंड लोक सेवा से अनुशंसित अफसरों को शामिल नहीं किया गया है: बताते चलें कि इस लिस्ट में झारखंड लोक सेवा से अनुशंसित अफसरों को शामिल नहीं किया गया है। इस लिस्ट में बिहार पुर्नगठन अधिनियम2000 के तहत पारस्परिक और एकल स्थानांतरण के तहत झारखंड आये अफसरों को शामिल किया गया है। झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के बाद यह सूची जारी की गयी है।

श्री श्री हरी सभा ने हर्षोल्लास से मनायी काली पूजा

मेट्रो रेज

रांची: प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री हरी सभा व दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान पर मेन रोड स्थित दुर्गा बाड़ी में काली पूजा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। गुरुवार को नित्य पूजा के बाद रात्रि 11.20 बजे से मां काली की पूजा प्रारंभ होकर देर रात लगभग 3.43 बजे तक समाप्त हुआ, जिसके अंतर्गत देर रात पूजा के बाद मां के लिए बलि संप्रदान किया गया, तत्पश्चात मां काली को भोग निवेदन किया गया। जिसमें खिचड़ी, 11 तरह की भुजिया, सब्जी, चटनी, तथा खीर, मिठाई एवं फल ,फूल अर्पित किया गया उसके बाद करीब एक घंटा महाआरती हुई इसके उपरांत पुष्पांजलि होने के बाद हवन हुआ, जो प्रातः 3.43 तक चला जिसके उपरांत पूजा की समाप्ति हुई।

उसके बाद हजारों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग, सब्जी, चटनी एवं खीर का वितरण हुआ जो प्रातः 7 बजे तक चला। दुर्गा बाड़ी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने बताया कि श्री दुर्गा बाड़ी में काली पूजा विगत वर्ष 1928 से निरंतर होता आ रहा है, उपरोक्त सभी तरह के अनुष्ठान को पश्चिम बंगाल से आए पुरोहित श्री काशीनाथ भट्टाचार्या एवं उनके सहयोगी के साथ साथ आयोजक गण भी पूजा में सहयोग किए जिसमें विशेषकर गोपाल भट्टाचार्या, सेतांक सेन, श्यामल रॉय, प्रदीप रॉय, संदीप चौधरी, जयंत कर, देवनाथ गांगुली, रवींद्र बनर्जी,मृणाल घोष, संजय राय, अमित राय, नारायण प्रमाणिक,श्रीमंत प्रमाणिक, तरूण सुत्रधर के साथ साथ अनेक लोगों का भी काफी सहयोग रहा।

छापेमारी: एक ट्रक अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम लगातार अभियान चलाया रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ नामकुम थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने हाईटेंशन मैदान के सामने स्थित साई मंदिर के बगल से एक ट्रक अवैध विदेशी शराब बरामद की। मौके से उत्पाद विभाग की टीम ने तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया।

रांची एयरपोर्ट को चौथी बार मिली बम से उड़ाने की धमकी सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी

- धमकी भरा पोस्ट 28 अक्टूबर को मिला जिसमें विस्तारा के विमान को उड़ाने की बात कही गई थी
- इससे पहले भी तीन बार धमकी मिल चुकी है
- सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग कार्यालय की सुरक्षा को बताया खतरा

मेट्रो रेज

रांची: बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को चौथी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। 28 अक्टूबर को दिन के करीब तीन बजे एक्स हैंडल पर धमकी भरा पोस्ट मिला। जिसमें विस्तारा के विमान को उड़ाने की बात कही गई थी। इससे पहले 22 अक्टूबर और 25 सितंबर 2024 को धमकी मिली थी। इसके पूर्व मई में भी धमकी मिला था। इसके बाद देश की सुरक्षा एजेंसियों ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर वीवीआइपी मूवमेंट को लेकर अलर्ट जारी किया कहा है कि एयरपोर्ट और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग कार्यालय की सुरक्षा को खतरा है।एयरपोर्ट टर्मिनल भवन के सामने से मौसम विभाग कार्यालय तक सड़क के दोनों ओर अवैध पार्किंग अप्रिय घटना का कारण बन सकती है। सड़क किनारे अवैध पार्किंग की वजह से वीवीआइपी मूवमेंट असुरक्षित हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिलने वाली सूचना के बाद ही रांची एयरपोर्ट पर विमानों के परिचालन को लेकर दिशा निर्देश जारी होता है।

आने-जाने वाले यात्रियों हो रही जांचः ऐसे में एयरपोर्ट पर विमानों के मूवमेंट के लिए मौसम विज्ञान केंद्र को अहम बताया गया है। रांची एयरपोर्ट को लगातार मिल रही धमकी के बाद इसे अतिसंवेदनशील की श्रेणी में डाल दिया गया है। सीआइएसएफ ने सुरक्षा बढ़ा दी है। एयरपोर्ट के आसपास हर संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। आने-जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है।

विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का आना रांची एयरपोर्ट पर शुरू हो गया है। चार नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएंगे। केंद्रीय मंत्रियों सहित कई वीवीआइपी चुनाव के दौरान आने वाले है। ऐसे में उनकी सुरक्षा को भी खतरा है। इसके मद्देनजर रांची एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

आपस में ही भिड़े कांग्रेस नेता, प्रदेश प्रभारी को भी नहीं बख्शा, पैसे लेकर टिकट देने का आरोप

मेट्रो रेज

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी के नेता आपस में ही भिड़ गये। नौबत यहां तक आ पहुंची कि पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश प्रभारी पर ही भड़क गये। दरअसल पूरा मामला ये है कि केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता संवाद कार्यक्रम में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बात करने पहुंचे थे। इस दौरान नेताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के सामने विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर हंगामा किया। बैठक में शामिल नेताओं ने पैसे लेकर टिकट बांटने का आरोप लगाया।

विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर होनी थी बैठकः शुक्रवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ होने वाली बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर बात होनी थी। इसमें कांग्रेस नेता चंचल चटर्जी, सुनील सिंह, निरंजन पासवान, केदार पासवान ने टिकट बंटवारे में गड़बड़ी का अरोप लगाया। टिकट देने में पैसे लेने का आरोप भी लगाया गया। बैठक में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर बोल रहे थे। उन्होंने राहुल गांधी के एजेंडे जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के साथ चलने की बात कही। इधर कांग्रेस के नेता भड़क गये। कांग्रेस नेता चंचल चटर्जी ने बैठक में कह दिया कि वह 40 साल से कांग्रेस में हैं। एक बंगाली को टिकट नहीं दिया गया। टिकट बंटवारे में पैसा चला है, इसकी जांच करायें।

विस चुनावः प्रथम चरण के 43 विस क्षेत्रों के लिए कुल 683 उम्मीदवार : के रवि कुमार

मेट्रो रेज

रांचीः मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शुक्रवार को निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता किया। सीईओ ने कहा कि दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। वहीं प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 683 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उसमें पुरुष उम्मीदवारों की संख्या 609 है। महिला उम्मीदवार 73 हैं और एक प्रत्याशी ट्रासजेंडर हैं। उन्होंने बताया कि कुल 683 प्रत्याशियों में से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी से 87 उम्मीदवार हैं, जिनमें 75 पुरुष और 12 महिला हैं।

रवि ने कहा कि उसी तरह मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय झारखंड की पार्टियों ने कुल 32 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। जिनमें 28 पुरुष और 4 महिलाएं हैं। दूसरे राज्यों की मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय पार्टियों ने 42 लोगों को प्रत्याशी बनाया है। उनमें 39 पुरुष और 3 महिलाएं हैं। वहीं पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने कुल 188 प्रत्याशी दिये हैं। जिनमें 168 पुरुष और 20 महिलाएं हैं। प्रथम चरण के चुनाव में कुल 334 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। उनमें 299 पुरुष, 34 महिलाएं एवं 01 ट्रासजेंडर प्रत्याशी शामिल है।

निर्वाचन आयोग लगातार चौकसी बरत रहा हैः सीईओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयरहित मतदान को लेकर लगातार चौकसी बरत रहा है। इसी के तहत राज्य से जुड़ती दूसरे राज्यों की सीमा पर चेकपोस्ट बनाकर लगातार चेकिंग की जा रही है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 135।70 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक कुल 24 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। उन पर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

राज्य की नई चीफ सेक्रेट्री अलका तिवारी ने पदभार किया ग्रहण

मेट्रो रेज

रांची : झारखंड की नई चीफ सेक्रेट्री अलका तिवारी ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण के बाद वरीय आइएएस अफसरों से उनका स्वागत किया। इसके बाद वहां मौजूद अफसरों के साथ चीफ सेक्रेट्री ने बैठक की। उन्होंने अफसरों को राज्य में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। चालू योजनाओं को समय पर पूरा करने की बात कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव का समय है। कोड ऑफ कंडक्ट लगा हुआ है। कुछ दिनों में नई सरकार बनने जा रही है। सभी विभागों में सही तरीके से काम हो यह अभी फिलहाल हमारी प्राथमिकता है। अलका तिवारी 1988 बैच की अफसर हैं। वह राज्य की तीसरी महिला मुख्य सचिव हैं। इससे पहले लक्ष्मी सिंह और राजबाला वर्मा मुख्य सचिव रह चुकी हैं।

चंपाई सोरेन को सत्ता से हटाना आदिवासी अस्मिता का अपमान : प्रतुल शाहदेव

मेट्रो रेज

रांचीः भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेस वार्ता पर पलटवार किया। कहा कि चुनाव को देखकर चुनाव आयोग द्वारा कुछ अफसर को हटाए जाने पर झामुमो घड़ियाली आंसू बहा रहा है। प्रतुल ने कहा कि जो एससी और एसटी समुदाय के हित की बात करने का नाटक कर रहे, उनको बताना चाहिए एक साधारण गरीब परिवार से आने वाले आदिवासी का बेटा चंपाई सोरेन को उन्होंने जबरन सत्ता से क्यों हटाया? चंपाई सोरेन को अंतिम दिन नियुक्ति पत्र भी बांटने नहीं दिया गय। क्या यह पूरे आदिवासी अस्मिता का अपमान नहीं है? प्रतुल ने कहा कि प्रदेश में अब तक 7400 बेटियों की इज्जत लूटी गई। जिसमें एक तिहाई एससी और एसटी समुदाय की बेटियां थी। सिर्फ 25% केसों में अभी तक चार्जशीट हुआ है। इस पर हेमंत सोरेन खामोश क्यों हैं? इनकम टैक्स ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी सफलता तब अर्जित की जब उसने कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के कार्यालय और आवासीय परिसर में छापा मार कर साढे तीन सौ करोड़ रुपए नगद बरामद किए थे। पूरी सरकार और सत्ताधारी गठबंधन इसे व्यापार का पैसा बताने में लग गई। जबकि अब इस मामले की जांच सीबीआई और एनआईए तक कर रही है। प्रतुल ने कहा कि इसी सरकार के कैबिनेट के पूर्व में नंबर दो रहे हुए आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से 32 करोड़ से ज्यादा रुपए बरामद हुए। उस समय मुख्यमंत्री खामोश रहे। हालांकि ईडी को दिए गए बयान में पीए के नौकर और पीए ने स्वीकार किया कि ये पैसा आलमगीर आलम का ही था। प्रतुल ने कहा झारखंड में पीसी सरकार का मैजिक शो भी फेल हो जाएगा, क्योंकि यहां उससे भी बड़ा जादू हो रहा है। 5 वर्ष में मुख्यमंत्री की आयु 7 वर्ष बढ़ गए। प्रतुल ने कहा ये जानकारी खुद मुख्यमंत्री ने अपने 2019 और 2024 के एफिडेविट के जरिए दिया हैं। इस सरकार ने पत्थर घोटाला, लोहा घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, खनन घोटाला, लैंड घोटाला के बाद अब आयु घोटाला भी कर दिया।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

कार्यालय,जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,राँची।
(MCMC कोषांग)

सूचना

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि आगामी विधान सभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त,राँची की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification and Monitoring Committee) गठित है जो प्रिन्ट/इलेक्ट्रॉनिक/सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से 07 (सात) दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक/सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारण करना चाहते है तो विहित प्रपत्र Annexure-A में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों /प्रत्याशी के खाते में प्रविश्ट किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु Annexure-B में अनुमति प्रदान की जाएगी।
- प्रिन्ट मीडिया में मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC की अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्व अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन की अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित /टेलिकॉस्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनितिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से अनुमति लिए किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन /प्रसारण पेड न्यूज की क्षेणी में रखा गया है।
- जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोशांग,राँची शहर अंचल कार्यालय के प्रथम तल्ला में कार्यरत है,जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24 X 7 संचालित रहेगी।

PR 339788 (District) 24-25 (D)

वरीय–सह–नोडल पदाधिकारी
MCMC कोषांग,राँची।

सुविचार

दरिया बनकर किसी को डुबाने से बेहतर है
की जरिया बनकर किसी को बचाया जाये

राहत की सांस

राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों के लिए इस बार दिवाली के बाद की सुबह वैसी भयावह नहीं रही, जैसी हर बार रहा करती थी। हवा में प्रदूषण की मात्रा शुक्रवार सुबह 10 बजे एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (अदक) के मुताबिक 365 रही। पिछले साल दिवाली की अगली सुबह के आंकड़े (433) के मुकाबले यह निश्चित रूप से बेहतर है। इस बेहतरी के पीछे की वजहों को लेकर कई तरह की बातें कही जा रही हैं। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने इस स्थिति का श्रेय सरकार के अलग-अलग विभागों द्वारा उठाए गए कदमों को देने में देर नहीं लगाई। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार द्वारा पटाखों पर बैन लगाने और लोगों द्वारा उस बैन का सम्मान करने की वजह से यह स्थिति आई है। हालांकि चोरी-छुपे पटाखों की बिक्री की खबरें इस बीच दिल्ली-ठउफ के अलग-अलग हिस्सों से आती रहीं। पटाखों की आवाजें भी दिवाली की देर रात तक सुनाई देती रही थीं। मगर इनमें मात्रा का अंतर साफ महसूस किया जा सकता था। रोक का प्रभाव इस तथ्य में भी देखा जा सकता है कि दिल्ली में इस बार दिवाली के दौरान हादसे कम हुए। आग लगने की छोटी-मोटी घटनाओं की कई शिकायतें आईं लेकिन दिल्ली फायर सर्विसेज के मुताबिक ऐसे बड़े हादसे नहीं हुए जिनमें लोगों को जान गंवानी पड़ी हो। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम उम्मीद बंधाता है। कई जानकार प्रदूषण की मात्रा में कमी के पीछे कुछ अन्य कारकों की भूमिका की ओर संकेत करते हैं। उनके मुताबिक शुक्रवार सुबह हवा की स्पीड में करीब 10 किलोमीटर प्रति घंटे की बढ़ोतरी का इसके पीछे हाथ हो सकता है। यह भी गौर करने की बात है कि इस बार दिवाली किस दिन मनाना है इसे लेकर लोगों की राय बंटी हुई थी। कुछ लोगों ने गुरुवार को दिवाली मनाई तो कुछ अन्य इलाकों में माना गया कि शुक्रवार को दिवाली है। ऐसे में बहुत संभव है कि पटाखे भी एक दिन चलने के बजाय दो दिनों में बंट गए हों। शुभ संकेत कारण जो भी रहे हों, इसे एक शुभ संकेत माना जाना चाहिए। दिवाली के अगले दिन अपेक्षाकृत साफ हवा में सांस लेने का अनुभव लोगों को अगले साल भी पटाखे छोड़ने में संयम बरतने को प्रेरित कर सकता है। हालांकि इस संबंध में दो बातें खास तौर पर याद रखने की हैं। एक तो यह कि हवा में प्रदूषण का मौजूदा स्तर किसी भी रूप में संतोषजनक नहीं है। दूसरी बात यह कि अभी सिर्फ दिवाली बीती है। दिल्ली में स्मॉग का असली दौर अभी आना है। हमारे प्रयासों की असली परीक्षा तभी होगी।

परिसीमन, कास्ट सेंसस के सवाल

आखिर देश में जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने के आसार दिखने लगे हैं। हालांकि सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा इसकी अभी भी नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के हवाले से जिस तरह की सूचनाएं मीडिया में आई हैं और उनमें तैयारियों का जितना बारीक ब्योरा दिया गया है, उससे लगता है कि अब सरकार ने मन बना लिया है। हर दस साल के अंतर पर होने वाली जनगणना कायदे से 2021 में ही हो जानी चाहिए थी, लेकिन कोविड-19 महामारी से उपजे हालात के चलते इसे स्थगित करना पड़ा। लेकिन 2022 और 2023 के बाद अब 2024 भी बीतने को है। जनगणना में देरी से कई तरह की जटिलताएं पैदा हो रही हैं। लेटेस्ट डेटा उपलब्ध न होने की वजह से सरकारी योजनाओं के तहत फंड आदि के निर्धारण का काम भी 2011 के आंकड़ों के ही आधार पर हो रहा है, जो पुराने पड़ चुके हैं। इस बार की जनगणना को खास बनाने वाली एक बड़ी बात यह है कि इसके साथ परिसीमन संबंधी विवाद भी जुड़ गया है। देश में लोकसभा क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया 2002 में किए गए संशोधन की वजह से टली हुई थी। उसके मुताबिक 2026 के बाद होने वाली जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही नया परिसीमन हो सकता है। अगर जनगणना नियमित अंतराल में होती तो परिसीमन का काम 2031 की जनगणना से मिले आंकड़ों के आधार पर होता। अब बदले हालात में यह 2027 में हो सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि 2029 के लोकसभा चुनाव नए परिसीमन के मुताबिक होंगे। इस स्थिति ने दक्षिण और उत्तर के राज्यों का एक अवांछित विवाद खड़ा कर दिया है। चूंकि लोकसभा क्षेत्र के निर्धारण का एक मुख्य आधार जनसंख्या रही है, इसलिए माना जा रहा है कि परिसीमन के बाद लोकसभा में उत्तर भारत के राज्यों का हिस्सा अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगा, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में साउथ का दबदबा कमजोर पड़ेगा। देखना होगा कि सरकार साउथ की आशंका को मिटाने का क्या उपाय निकालती है। इस बार की जनगणना के साथ जाति की गणना का प्रश्न भी जुड़ा है। विपक्षी दलों की इस मांग को ठऊअ से जुड़े कुछ दलों का भी समर्थन हासिल है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस मसले पर सरकार अपना रुख कितना और कैसे बदलती है। महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था भी इसी सेंसस के बाद लागू होनी है। साफ है कि इस जनगणना से आबादी के अलग-अलग तबकों की कई सारी उम्मीदें और आशंकाएं जुड़ी हैं, जो इसे सरकार के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण बनाती हैं।

ब्रिक्स समूह देशों के सम्मेलन में बढ़ा है भारत का कद

ब्रिक्स देशों में विश्व की 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है, पूरे विश्व की 33 प्रतिशत भूमि इन देशों के पास है एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्रिक्स के सदस्य देशों की है। ब्रिक्स समूह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गैर पश्चिमी देशों का एक समूह जरूर है, परंतु वह पश्चिमी देशों के विरुद्ध नहीं है। ब्रिक्स समूह को स्थापित करने वाले देशों में ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन (BRIC) थे एवं वर्ष 2009 में दक्षिणी अफ्रीका को भी इस समूह में शामिल कर इस BRICS का नाम दिया गया। आगे चलकर मिश्र (ईजिप्ट), ईथीयोपिया, ईरान, सऊदी अरब एवं यूनाइटेड अरब अमीरात को भी ब्रिक्स समूह में शामिल कर इस समूह का विस्तार किया गया। आज विश्व के कई अन्य देश भी ब्रिक्स समूह के सदस्य बनकर ग्लोबल साउथ की आवाज बनना चाहते हैं। हाल ही में रूस के कजान शहर में सम्पन्न ब्रिक्स समूह के सम्मेलन में स्थायी, अस्थाई एवं आमंत्रित 36 देशों ने भाग लिया।

पी सबनानी

हाल ही में ब्रिक्स समूह के देशों का सम्मेलन रूस के कजान शहर में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में रूस ने भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत तो किया ही, साथ ही, चीन के राष्ट्रपति के साथ भी भारत के प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई। इस वार्ता में चीन ने भारत की सीमा के पास जमा कर रक्खे अपने सैनिकों को पीछे हटाकर, सीमा पर वर्ष 2020 की स्थिति बहाल करने की घोषणा की है। भारत को भी अपने सैनिकों को सीमा पर पीछे की ओर ले जाना होगा। इससे भारत एवं चीन की सीमा पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहे तनाव को कम करने में सफलता हासिल होगी। इस संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों में छपी जानकारी के अनुसार चीन एवं भारत ने अपने 80 से 90 प्रतिशत सैनिकों को वापिस पीछे की ओर हटा लिया है। चीन और भारत के आपस में सम्बंध सुधरने का असर केवल इन दोनों देशों के आपसी तनाव को ही कम नहीं करेगा बल्कि इन सम्बन्धों में सुधार का असर आर्थिक क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा। दरअसल चीन आज आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, चीन में आर्थिक विकास की दर तिमाही दर तिमाही कम हो रही है। चीन के अमेरिका के साथ सम्बंध बहुत अच्छे नहीं रहे है। अमेरिका एवं कई यूरोपीयन देशों ने चीन से विभिन्न वस्तुओं के आयात पर करों को बढ़ा दिया है ताकि चीन से आयात को कम किया जा सके। चीन की आंतरिक अर्थव्यवस्था में भी उत्पादों की मांग लगातार कम हो रही हैं। साथ ही, चीन के भवन निर्माण क्षेत्र एवं बैकिंग क्षेत्र में भी कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। चीन के अपने पड़ोसी देशों, ताइवान, फिलिपींस, जापान, भारत आदि के साथ भी सम्बंध लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस सबका असर यह रहा है कि चीन ने भारत के साथ अपने सम्बन्धों को सुधारने की पहल शुरू की है ताकि वह भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ा सके एवं अपनी आर्थिक स्थिति को कुछ हद्द तक सुधार सके। हालांकि चीन के विस्तरवादी नीतियों पर चलने के कारण चीन पर तुरंत विश्वास करना बहुत कठिन है। इस संदर्भ में चीन का इतिहास भी इस बात का साक्षी नहीं रहा है कि चीन के सम्बंध किसी भी देश के साथ स्थायी रूप से बहुत अच्छे रहे हों।

ब्रिक्स देशों में विश्व की 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है, पूरे विश्व की 33 प्रतिशत भूमि इन देशों के पास है एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्रिक्स के सदस्य देशों की है। ब्रिक्स समूह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गैर पश्चिमी देशों का एक समूह जरूर है, परंतु वह पश्चिमी देशों के विरुद्ध नहीं है। ब्रिक्स समूह को स्थापित करने वाले देशों में ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन (BRIC) थे एवं वर्ष 2009 में दक्षिणी अफ्रीका को भी इस समूह में शामिल कर इस BRICS का नाम दिया गया। आगे चलकर मिश्र (ईजिप्ट), ईथीयोपिया, ईरान, सऊदी अरब एवं यूनाइटेड अरब अमीरात को भी ब्रिक्स समूह में शामिल कर इस समूह का विस्तार किया गया। आज विश्व के कई अन्य देश भी ब्रिक्स समूह के सदस्य बनकर ग्लोबल साउथ की आवाज बनना चाहते हैं। हाल ही में रूस के कजान शहर में सम्पन्न ब्रिक्स समूह के सम्मेलन में स्थायी, अस्थाई एवं आमंत्रित 36 देशों ने भाग लिया। ब्रिक्स के इस सम्मेलन में इस विषय पर भी विचार किया गया कि ब्रिक्स देशों के पास एक अपना पेमेंट सिस्टम होना चाहिए एवं वैश्विक स्तर पर हो रहे व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए। पश्चिमी देश वर्तमान में पूरे विश्व में लागू स्विफ्ट सिस्टम का दुरुपयोग कर रहे हैं एवं इसके माध्यम से अन्य देशों पर अपनी चौधराहट स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्विफ्ट सिस्टम के माध्यम से पूरे विश्व के देशों के बीच धन सम्बंधी व्यवहारों को सम्पन्न किया जाता है। यदि किसी देश को इसकी सदस्यता से हटा लिया जाता है तो वह देश विश्व के अन्य देशों के साथ आर्थिक (धन सम्बंधी) व्यवहार नहीं कर सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने जब रूस पर सैंक्शन लगाए थे तब रूस को स्विफ्ट सिस्टम से हटा दिया गया था जिससे रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने व्यापार के लेनदेनों का निपटान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस संदर्भ में, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत में लागू यूनिफाईड पेयमेंट सिस्टम (यूपीएस), जिसे भारत में ही विकसित किया गया है, को भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों में लागू करने पर विचार करने हेतु समस्त सदस्य देशों से आग्रह किया है। अभी तक भारत के यूनीफाईड पेयमेंट सिस्टम को 7 देशों ने अपना लिया है एवं 30 से अधिक देश इसे अपनाने के लिए विचार कर रहे हैं। भारत में यह सिस्टम बहुत ही सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है। दूसरे, पूरे विश्व में डॉलर के प्रभाव को कम करने हेतु भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच चर्चा हुई है। डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेन्सी को अपनाने अथवा ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों की बीच हो रहे व्यापार सम्बंधी व्यवहारों के निपटान हेतु ये देश आपस में अपनी करेन्सी के उपयोग पर जोर देने पर भी सहमत होते दिखे हैं।

ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ही भारत एवं चीन के बीच हाल ही में सम्पन्न हुए बॉर्डर समझौते के बावजूद भारत को चीन से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अपनी गहरी नजर बनाए रखना चाहिए। भविष्य में भी भारत को चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति सोच समझकर ही देना चाहिए। क्योंकि, चीन के इतिहास को देखते हुए उस पर आज भी विश्वास नहीं किया जा सकता है। भारत ने हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को निर्धारित किया है। चीन के साथ भारत के सम्बंध सुधरने के पश्चात इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी हो सकती है। परंतु, यह कार्य फिर भी बहुत सोच समझकर ही करना होगा। चीन के साथ भारत का विदेशी व्यापार अत्यधिक मात्रा में ऋणात्मक ही है। भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में चीन से 12,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के उत्पादों का आयात किया था, परंतु भारत से चीन को निर्यात बहुत ही कम मात्रा में हो रहे हैं तथा चीन द्वारा भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी बहुत कम मात्रा में ही किए जा रहे हैं। चीन, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले देशों की सूची में 22वें स्थान पर है और भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.37 प्रतिशत की ही है। यह सही है कि चीन के साथ बॉर्डर समझौते के बाद चीन से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ सकता है परंतु भारत को चीन के इतिहास को देखते हुए अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच आज भारत का कद तो बढ़ ही रहा है, साथ ही, आज विश्व के कई देशों द्वारा यूरोप एवं अमेरिका के प्रभाव से बाहर निकलने के प्रयास भी लगातार किए जा रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति ने ब्रिक्स समूह की बैठक में बताया है कि विश्व के कई देश आज ब्रिक्स समूह की सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं। इस प्रकार, ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिणी अफ्रीका) एवं शंघाई समूह आदि संगठन बहुत तेजी से अपने प्रभाव को वैश्विक स्तर पर बढ़ा रहे हैं। दरअसल, आज अमेरिका सहित यूरोपीयन देशों (फ्रान्स, जर्मनी, ब्रिटेन आदि) की आर्थिक परिस्थितियां लगातार बिगड़ती जा रही हैं और इन देशों की आर्थिक प्रगति धीमे धीमे कम हो रही है और ये देश मंदी की चपेट में आने की ओर आगे बढ़ रहे हैं जबकि आर्थिक विकास की दृष्टि से यह सदी अब भारत की होने जा रही है। आने वाले समय में, वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वार्धिक वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 16 प्रतिशत तक होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। अतः विश्व के कई शक्तिशाली देश आज भारत के साथ अपने सम्बन्धों को मजबूती देना चाहते हैं, इसी के चलते ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच भी भारत का कद अब बढ़ता दिखाई दे रहा है।

भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या

राष्ट्रीय और स्थानीय स्तरों के बीच नीतिगत सामंजस्य और समन्वय यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि शहरी विरासत संरक्षण के वित्तपोषण के लिए नवीन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे स्थायी विकास को बढ़ावा देकर अप्रत्यक्ष रूप से वायु गुणवत्ता प्रभावित हो।

डॉ. एस सौरभ

दुनिया के सबसे खराब वायु प्रदूषण वाले 30 शहरों में से 21 भारत में हैं। दुनिया भर के राजधानी शहरों में सबसे खराब वायु गुणवत्ता नई दिल्ली में है। नई दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निदेर्शों से लगभग 10 गुना अधिक है। इन शहरों में मौजूद भारी प्रदूषण यहाँ रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है, जो इन्हें हर गुजरते दिन के साथ कहीं ज्यादा बीमार बना रहा है।

यदि जीवन प्रत्याशा के लिहाज से देखें तो भारतीय शहरों में मौजूद प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। जो हर भारतीय से उसके जीवन के औसतन 5.3 वर्ष छीन रहा है। भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या के बीच सम्बंध आर्थिक विकास के लिए शहरी विरासत के सतत संरक्षण और उपयोग के विचार पर टिका है। टिकाऊ प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, शहर एक साथ वायु प्रदूषण का समाधान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐतिहासिक इमारतों का अनुकूली पुनः उपयोग नए निर्माण की आवश्यकता को कम कर सकता है, जिससे धूल और सम्बंधित वायु प्रदूषक कम हो सकते हैं। इसके अलावा, ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों में स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से आर्थिक गतिविधियों को प्रदूषण-गहन उद्योगों से दूर पर्यटन जैसी अधिक टिकाऊ प्रथाओं की ओर स्थानांतरित किया जा सकता है।

भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, जहाँ शहरीकरण जारी है, पर्याप्त परिवहन प्रबंधन, उपयुक्त सड़कें और उद्योगों के अनियोजित वितरण जैसी सेवाओं की कमी के कारण वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं से पीड़ित हैं। शहरों में भीड़भाड़ वाली सड़कें वाहनों की औसत गति को कम करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों से होने वाला उत्सर्जन अधिक होता है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता है और अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाकर मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, इन शहरी क्षेत्रों में जटिल और गहन मानवीय गतिविधियाँ प्रदूषकों के उत्सर्जन को बढ़ाकर समस्या को बढ़ा रही हैं। प्रदूषण और धुंध से निपटने के प्रयास अक्सर शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित होते हैं। इनकी रोकथाम के लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना या उद्योगों और निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करना जैसे उपायों पर ही ध्यान केंद्रित किया जाता है।

वहीं, आमतौर पर इन उपायों में ग्रामीण स्त्रोतों की अनदेखी कर दी जाती है। यही वजह है कि अपने इस अध्ययन में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए शोधकताओं ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रयास करने का सुझाव दिया है। निजी स्वामित्व वाली ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने से मौजूदा शहरी परिदृश्य को बनाए रखते हुए, वायु प्रदूषण में योगदान देने वाले शहरी फैलाव को कम किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सतत शहरीकरण के लिए आवश्यक नीतियाँ बनानी अत्यंत जरूरी है। भारतीय शहरों में छोटे व्यवसायों और कारीगरों को समर्थन देने के लिए माइक्रोक्रेडिट और ऋण जैसे वित्तीय उपकरण अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जो प्रदूषणकारी गतिविधियों से दूर जाने को प्रोत्साहित करेंगे। इसके अलावा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए वित्तीय प्रोत्साहन राष्ट्रीय और नगरपालिका दोनों स्तरों पर लागू किया जा सकता है। पर्यावरण सम्बंधी नीतियों को शहरी नियोजन को विरासत संरक्षण के साथ एकीकृत करना चाहिए, जैसा कि चीन के प्राचीन शहर पिंग याओ जैसे सफल मामलों से उजागर हुआ है। ऐसी एकीकृत नीतियों के माध्यम से शहरी फैलाव का प्रबंधन सीधे वायु प्रदूषण में कमी पर प्रभाव डाल सकता है। सामाजिक आवास या एसएमई के लिए ऐतिहासिक इमारतों के अनुकूली पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करने से निर्माण-सम्बंधी वायु प्रदूषण को कम करने में योगदान मिल सकता है जो भारतीय शहरी केंद्रों में प्रमुख है। ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों के भीतर स्थानीय आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए वित्तीय नीतियों को आगे बढ़ाने से भारी उद्योगों पर निर्भरता कम हो सकती है और सांस्कृतिक उद्यमों और टिकाऊ पर्यटन जैसे कम प्रदूषण वाले क्षेत्रों को बढ़ावा मिल सकता है। भू-स्थानिक तकनीकों के साथ उपग्रह डेटा जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन तथा सम्बंधित स्वास्थ्य प्रभावों के स्थानिक-अस्थायी वितरण पैटर्न की निगरानी और मानचित्रण में बहुत मददगार हो सकता है। इसलिए, भारत जैसे विकासशील देशों में स्मार्ट शहरों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से बचने के लिए टिकाऊ शहरी पर्यावरण के लिए उचित शहरी नियोजन और टिकाऊ उपाय किए जाने चाहिए।

राष्ट्रीय और स्थानीय स्तरों के बीच नीतिगत सामंजस्य और समन्वय यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि शहरी विरासत संरक्षण के वित्तपोषण के लिए नवीन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे स्थायी विकास को बढ़ावा देकर अप्रत्यक्ष रूप से वायु गुणवत्ता प्रभावित हो। शहरी विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने के लिए नवीन वित्तीय उपकरणों के साथ हमारी ऐतिहासिक शहरी विरासत के संरक्षण को एकीकृत करें। भारतीय शहर अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख सकते हैं और ऐसी नीतियों को अपना सकते हैं जो संरक्षण प्रयासों को आर्थिक प्रोत्साहन के साथ जोड़ते हैं। इसके अतिरिक्त एक शहरी वातावरण को बढ़ावा दिया जा सकता है जो न केवल अपने अतीत को संरक्षित करता हो बल्कि अपने नागरिकों के लिए एक स्वस्थ, कम प्रदूषित भविष्य भी सुरक्षित करता हो। चूँकि शहरी भारत विरासत के संरक्षण और सतत विकास की आवश्यकता के मध्य खड़ा है, ऐसे में नवीन वित्तपोषण तंत्र और नीतियाँ हैं अपनाना अपेक्षित है, जो इसके शहरों को सभी के लिए लचीले, समावेशी और प्रदूषण मुक्त आवासों में बदलने में सक्षम बनाएंगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा है गोवर्धन पूजा का पर्व

दीपावली के महापर्व की शुरूआत होने के साथ ही गोवर्धन पूजा भी बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। दिवाली के अगले दिन यानी की कार्तिक माहक के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। बता दें कि इस बार 02 नवंबर 2024 को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाएगा। गोवर्धन पूजा का पर्व मनाने के पीछे कई पौराणिक कहानियां हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस पर्व से जुड़े रीति-रिवाज और मान्यताओं के बारे में बताने जा रहे हैं।

क्यों मनाया जाता है गोवर्धन पूजा

धार्मिक मान्यता के मुताबिक भगवान कृष्ण ने मूसलाधार वर्षा से ब्रजवासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को सात दिनों तक अपनी सबसे छोटी अंगुली पर उठाए ?खा। तब से गोवर्धन पर्वत पूजने की परंपरा की शुरूआत हुई। इस दिन अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। बता दें कि गुर्जर समाज में इस पर्व का विशेष महत्व होता है। गुर्जर समुदाय के लोग आज भी अपने घरों में

गोवर्धन महाराज को विराजमान करते हैं।

पूजा विधि

वहीं शाम के समय गोवर्धन महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। पूजा की थाली में हल्दी, कुमकुम, खील-बताशे पूआ-पूड़ी और अन्य कई तरह के पकवान रखे जाते हैं। इसके साथ ही गोवर्धन के पास दूध बिलोने वाली रई और लठ भी रखा जाता है। इसके बाद मंत्रोच्चार कर शुभ फल की कामना की जाती है। हालांकि अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग तरह से गोवर्धन पूजा की जाती है।

सेहत

ठंड का मौसम नजदीक ही आ गया है। ऐसे में मूंगफली खाना भी काफी फायदेमंद होता है। सर्दियों के मौसम में मूंगफली खाना सभी को बेहद पसंद होता है। नमक के साथ मूंगफली खाना तो बेहद ही स्वादिष्ट होता है। वहीं, मूंगफली को गुड़ के साथ खाना तो और भी अच्छा होता है। गुड़ पट्टी खाने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। मूंगफली स्वादिष्ट और पौष्टिक से भरपूर होती है। मूंगफली में प्रोटीन, फाइबर, खनिज और विटामिन के गुण पाए जाते हैं। जो सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। अपने शरीर को ताकत के साथ ही मसल्स को स्ट्रॉग बनाने के लिए आज से ही मूंगफली का सेवन करना शुरू कर दें। आइए जानते हैं मूंगफली खाने के फायदे। गौरतलब है कि मूंगफली में प्रोटीन की मात्रा भरपूर होती है। मूंगफली खाने से मांसपेशियां मजबूत होती है और मरम्मत के लिए भी खाना बेहद जरुरी है।

मूंगफली सेहत का खजाना होता है। मूंगफली में मोनोसैचुरेटेड फैट और पॉलीसैचुरेटेड फैट होते हैं। जिससे हार्ट हेल्दी रहता है। दिल को स्वस्थ रखने के लिए मूंगफली का सेवन करें। मूंगफली में प्रोटीन और फाइबर के गुण होते हैं। जो आपकी भूख को भी कंट्रोल करता है और लंबे समय तक पेट को भरा रखता है। भूख की लालसा भी कम हो जाती है। इसके सेवन से आप वजन को कंट्रोल कर सकते हैं। मूंगफली का सेवन मस्तिष्क के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। मूंगफली में विटामिन बी3 (नियासिन) और रेस्वेराट्रोल होता है, जो मस्तिष्क के कार्यों को बढ़ावा देता है। दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए मूंगफली सहायक होती है। मूंगफली में काबोर्हाइड्रेट और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होती है, जो शरीर को एनर्जी देता है। दिन भर ऊजार्वान बने रहने के लिए मूंगफली खाएं। मूंगफली में फाइबर की मात्रा अधिक होता है, जो पाचन संबंधित क्रिया को दुरुस्त करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। मूंगफली में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे खनिज होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है।

शिल्पी कुमारी

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
email : metrorays.ranchi@gmail.com

झामुमो को झटका: झामुमो, राजद, जेकेएलएम के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

मेट्रो रेज संवाददाता

जामा : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गुरुवार को जामा प्रखंड के माहरो चौक स्थित भाजपा कार्यकर्ता अशोक मंडल के आवास पर जामा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान को झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेकेएलएम एवं राजद के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए सभी को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वाले में राजद आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बाबूराम हांसदा, जिलाध्यक्ष अजजा अनूपलाल मरांडी, कार्यकर्ता अकाश मरांडी, सोमलाल मुर्मू, राजू मुर्मू, शिवधन मुर्मू, मनीष मरांडी शामिल थे। वहीं झामुमो से भाजपा मे शामिल हुए इसहाक मुर्मू, संजय मुर्मू, हरिकृष्ण मांझी, राजकुमार मांझी, सीताराम मुर्मू, सरदेश मांझी, राजमहल राउत, अजीत कुमार, मंगल मुर्मू, कदरू टुडू, बिरेन्द्र थनदार आदि शामिल थे वहीं जेकेएलएम के राजेन्द्र मुर्मू, लुखीराम हेम्ब्रम, दिलीप बास्की, मुकेश मुर्मू, रूबीलाल टुडू, राघोन मुर्मू, बिनोद बिस्की, लक्ष्मण मुर्मू, रंजीत हेम्ब्रम, कुलदीप मुर्मू, किशन मुर्मू आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में आदिवासियों के अस्तित्व को बचाने और घुसपैठ

रोकने के लिए एनआरसी लागू करना बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर उनके अवैध दस्तावेज तैयार किये जा रहे हैं, जो राज्य के लिए गंभीर खतरे के संकेत हैं, बाबूलाल मरांडी ने आदिवासियों की घटती आबादी को लेकर चिंता जताई

उन्होंने 1951 के जनगणना के आंकड़ों को पेश करते हुए आदिवासियों की घटती आबादी को लेकर चिंता जताई. कहा कि राज्य में जनजातीय आबादी 36 फीसदी थी, जो 2011 की जनगणना में घटकर 26 फीसदी रह गयी है. वहीं मुसलमानों की आबादी 9 फीसदी से बढ़कर लगभग 14.5 फीसदी तक जा पहुंची है. कहा कि राज्य में आज हिंदुओं की आबादी भी लगभग 7 फीसदी घटकर 88 फीसदी से 81.फीसदी पर पहुंच गयी है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल के साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व जामताड़ा समेत 6 जिलों से 16 फीसदी जनजातीय समुदाय की आबादी कम हुई है. वहीं मुस्लिमों की आबादी में 13.फीसदी की वृद्धि हुई है. साहिबगंज और पाकुड़ में तो मुस्लिमों की संख्या सबसे ज्यादा 35 फीसदी बढ़ी

उन्होंने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ में तो मुस्लिमों की संख्या सबसे ज्यादा 35 फीसदी बढ़ी है. संथाल परगना क्षेत्र में मुस्लिम युवक आदिवासी बहनों से विवाह कर डेमोग्राफी बदलने का प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर किया जायेगा. भाजपा जो बोलती है वह करती है. हेमंत सरकार ने पांच लाख नौकरी, चूल्हा खर्च जैसे वादे कर राज्य की जनता को ठगने का काम किया है. अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो राज्य के 2 लाख 87 हजार पद भरे जायेंगे. महिलाओं को गोगो दीदी योजना से 2100 रुपए प्रतिमाह सरकार बनते ही दिये जायेंगे. झारखंडियों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर और साल में त्योहार के समय 2 गैस सिलेंडर मुफ्त में दिये जायेंगे. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पीएम आवास राज्य के गरीबों तक पहुंचने नहीं दिये, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में 21 लाख लोगों को पीएम आवास का लाभ दिया जायेगा। झारखंड में चुनाव प्रचार तेज है भाजपा और झामुमो के अलावे गठबंधन की पार्टियां भी प्रचार में पूरी ताकत झोंके हुई है। इधर पार्टियों में भगदड़ भी जारी है। कार्यकर्ता और नेता अपनी सुविधा के मुताबिक पार्टियों की अदला बदली कर रहे हैं। भाजपा के नेता झामुमो में, तो कई झामुमो कार्यकर्ता-नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से जामा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू, जिलाध्यक्ष गौरवकांत मौजूद थे। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी सीताराम पाठक, राजू पुजहर, श्रीकांत कुंवर, रंजीत कुंवर, इंद्रकांत यादव, मंडल अध्यक्ष राजू दर्वे, दुर्योधन राय,महेन्द्र मंडल, जितलाल राय, निरंजन मंडल, पानेशल टुडू, राम बाबा, दिलीप सेन, रामफल लायक, नयन दा, निरंजन दत्ता, विनय यादव, रूपेश मंडल, कृष्णा मंडल, दर्शन हेम्ब्रम, आनंदी राउत आदि मौजूद थे।

योजनाओं को धरातल पर उतार कर झारखंड का विकास किया है

साहिबगंज : बोरियो विधानसभा अंतर्गत मंडरो प्रखंड के महादेववरण पंचायत के नया ग्राम में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने एक चुनावी नुक्कड़ सभा का आयोजन किया।जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विमल देव भगत ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान उपस्थित रहे।इस नुक्कड़ सभा का उद्देश्य विधानसभा चुनाव में बोरियो विधानसभा के महागठबंधन प्रत्याशी धनंजय सोरेन को भारी से भारी संख्या में वोट दिला कर जीताना है।सभा को संबोधित करते हुए साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा की हमारी पिछली महागठबंधन की सरकार ने झारखंड की जनता के लिए अनेक जनउपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतार कर झारखंड का विकास किया है जबकि विपक्ष हमेशा जाति धर्म के नाम पर लड़वा कर वोट लेने का काम करती आ रही है,हमारी पिछली महागठबंधन की सरकार विपक्ष के सौतेलेपन व्यवहार के बावजूद झारखंड के विकास के लिए ग्रीन राशन कार्ड,सर्वजन पेंशन योजना,फूलों झानो किशोरी समृद्धि योजना,कृषि लोन माफी योजना,बिजली माफी योजना,मईया सम्मान योजना,अबुवा आवास योजना जैसी जन उपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है।साथ ही बरकत खान ने यह भी कहा की कोरोना जैसी महामारी के समय भी हमारी महागठबंधन की सरकार ने झारखंड के बाहर फंसे अपने लोगों को झारखंड लाने के लिए कई तरह से मदद की जबकि इस महामारी के दौरान भी विपक्ष महागठबंधन की सरकार को गिराने में लगी हुई थी फिर भी हमारी अडिग महागठबंधन की सरकार ने विपक्ष की परवाह न करते हुए भी हमारे झारखंड के बाहर फंसे लोगों को झारखंड लाकर दम लिया।इसलिए मैं आप सभी बोरियों वासी से अपील करता हूं की अपने बोरियो विधानसभा के प्रत्याशी धनंजय सोरेन को भारी से भारी संख्या में वोट देकर जीताने का काम करें ताकि हम फिर से हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में देख सके और एक बार पुनः महागठबंधन सरकार बनाकर झारखंड में विकास की गंगा बहा सके।मौके पर ज़िला सचिव योगेन्द्र ताती,इंटक ज़िला अध्यक्ष अंशु पाल ताती,मण्डल अध्यक्ष कुमार निशांत,पंकज गुप्ता,ऐनुल अंसारी,सफीरुद्दीन अंसारी,अब्दुल कादीर,मो. वकील,बाबुलाल हेंब्रम,ज्ञान राय,मोतीउर रहमान,लोबीन टुडू, ऐनुल हक सहित सैंकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

गांव के एक परिवार के लोगों ने पत्थर से मारकर गंभीर रूप से किया घायल

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पठान टोली सकरीगली निवासी बीबी रौनक को गांव के एक परिवार के लोगों ने पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में ही बीबी रौनक ने इसकी शिकायत मुफस्सिल पुलिस से की जहां पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सदा अस्पताल भेज दिया।घायल बीबी रौनक ने बताया कि गुरुवार की शाम में शौच करने खेत मे गई थी और कुछ महिला भी साथ में थी। वहां मौजूद मो. इसहाक छेड़खानी व गलग नियत से लाइट जला कर देखने लगा। सभी महिलाएं वहां से शर्म के मारे भाग गई।पहले से भी यह व्यक्ति इस तरह का घटिया काम करते आ रहा है। जब इसकी शिकायत करने के लिए उसके घर गई तो उसके परिवार वाले ने गाली गलौज करते हुए पत्थर से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।बताई की पहले भी इसी शिकायत मुखिया एवं मुफस्सिल थाना में दिया गया है लेकिन इसके विरुद्ध कोई कारवाई नहीं हुई। वही मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी पुलिस ममले की छानबीन में जुटी है।

दर्जनों बीजेपी कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

साहिबगंज/उधवा : प्रखंड के आतापुर पंचायत के हाथीबांध में पंचायत अध्यक्ष अरुण घोष के नेतृत्व में मिलन समारोह सह चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मौजूद रहे इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा एवं प्रखंड अध्यक्ष तामरूद्दीन शेख उपस्थित हुए। पंचायत अध्यक्ष अरुण घोष के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने बीजेपी छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। सभा में एमटी राजा ने एक एक कर के सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। मुख्य रूप से सदस्यता ग्रहण करने वाले में से मदन मंडल, राजेंद्र प्रसाद साह, लक्ष्मी गुप्ता, सत्यलाल साहा, श्यामलाल मंडल, अमरलाल बास्की,मुनू मण्डल, तमाल मांडल, अशोक मंडल, बापी सरकार, अर्जुर दास, राजा दास, कालू सरकार, फैलू दास, सचिन दास मिलाती दास, वासुदेव सह, दुर्गा देवी, अजय माल,धनंजय गुप्ता, चंदन गुप्ता, लाल राजेश्वर, रतन सरदार, अभिमन्यु दास,टूपान दास, रूपेश मंडल, कांतोश घोष, कालू दास, मारूफ सरकार, सोनू रजक, भारत साह, सुमित साहा, अभिषेक साहा, कुंदन साहा, नामदानी साहा, ऋतु राज, मिथुन कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।इस दौरान कार्यक्रम में महिला जिलाअध्यक्ष बसन्ती हांसदा,प्रखंड सचिव कीनू सोरेन, चांद उर्फ एहतेशाम गणी,प्रखंड कोषाध्यक्ष टीपू सुल्तान, जिला मीडिया सदस्य हफीजुर रहमान, वरिष्ट कार्यकर्ता बाबू दा उर्फ अय्यूब, नेहरूल इस्लाम, इब्राहिम सेख हारून राशिद, बरनावास सोरेन मुस्तकिम मुखिया, पिंटू उर्फ सरफराज, अजीजुर्रहमान मंजूर सेख, यूसुफ सेख, मोतीउर रहमान, चंद्रराय, मंगल आदि जेएमएम के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओं ने झामुमो का दामन थामा

जामा : जामा विधानसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी डॉ. लुईस मरांडी के मौजूदगी में भाजपा एवं आजसू के सक्रिय कार्यकताओं ने अपने अपने दल को छोड़कर शुक्रवार को झामुमो का दामन थाम लिया। डॉ. मरांडी ने सबों को झामुमो का पट्टा पहनाकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण कराया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में भाजपा से आये भुटोकोडिया पंचायत के पूर्व मुखिया विभीषन मुर्मू, छैलापाथर पंचायत के सोनातन सोरेन, चिगलपहाड़ी के हरि मुर्मू, मानुएल किस्कू, निम्बूलाल सोरेन, दिनेश टुडु और आजसू से आये शकरुदीन शेख शामिल हैं।

पटाखे से एक घर में लगी आग,हजारों का नुकसान

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज/उधवा: राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर मास्टरटोला में देर रात्रि एक परिवार की दीपावली की खुशी आग में तब्दील हो गई, जब पटाखे की चिंगारी से फूस के बने घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आशियाना पल भर में जलकर राख हो गई।इस घटना में हजारों की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। हालाकी घटना के समय परिवार के सदस्य घर में मौजूद नहीं थे। पटाखे की चिंगारी से लगी आग

मिली जानकारी के अनुसार निमाई टोला गांव में देर रात्रि दिपावली पर्व पर पटाखे जला रहे थे। इसी बीच पटाखे की चिंगारी घास फूस के बने मकान में जा गिरी। जिससे थोड़ी देर में अचानक घर में आग लग गई। आग देखते ही विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग घबरा गए और मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू घटना के समय स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर चापानल और कुंआ से पानी लेकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगलगी में निमाई मंडल के घर सहित घरेलु सामान जलकर राख हो गई। इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि शाम को घर में दीप जलाकर दूसरे टोला में स्थित अपने बेटा का घर घूमने के लिए गया था कि अचानक घर में आग लग गई। खबर सुनकर जब अपने लौटे तो घर पूरी तरह से जला हुआ मिला। उन्होंने बताया कि घर में दोनो पति पत्नी ही रहते थे। कहा कि इस घटना में बैंक पासबुक, आधार कार्ड तथा कुछ जरुरी कागजात सहित नगद 5000 रुपए भी जलकर राख हो गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

रक्तदान करना जैसे अनेक सामाजिक कार्यों में रुचि लेते हैं : ऋतिक

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज : उमा अमृत फाउंडेशन सामाजिक कार्यों में हमेशा भाग लेते हैं।गरीबों को मुक्त भोजन करना,गर्मी के मौसम में बेजुबान जानवरों को पानी पिलाना, रक्तदान करना जैसे अनेक सामाजिक कार्यों में रुचि लेते हैं। वही आज सदर अस्पताल साहिबगंज में गर्भवती महिला जिसे रक्त की कमी थी।जब इसकी जानकारी उमा अमृत फाउंडेशन के सदस्य संतोष मोदी को हुई।तो उन्होंने बिना देर किए हुए सदर अस्पताल पहुंचकर उसे गर्भवती महिला को रक्तदान किया।संतोष मोदी ने बताया कि अभी तक वह 11 बार रक्तदान कर चुका है।कहा कि रक्तदान करने से शरीर को कोई हानि नहीं होता है।उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है।वही संस्था के ऋतिक पासवान,विकास पारीक एवं राहुल कुमार ने भी रक्तदान किया।वही आसपा फार्मा के संचालक गुड्डू कुमार ने रक्त वीरों को प्रोत्साहन करते हुए संस्था को धन्यवाद दिया।मौके पर प्रशांत शेखर,आकर्षित कुमार,सियाराम यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने की आंतरिक सर्वे कराने की मांग

मेट्रो रेज संवाददाता

दुमका : पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना की कोर कमेटी की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष असीम कुमार मंडल की अध्यक्षता में बंदरजोरी स्थित उनके आवास पर शुक्रवार को हुई। बैठक में चर्चा के दौरान मुख्य रूप से यह बात निकाल कर आई कि पक्ष या विपक्ष के किसी भी गठबंधन दल ने पिछड़ा वर्ग के ज्वलंत मुद्दों यथा जातिगत जनगणना, आबादी के अनुरूप आरक्षण, पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर छात्रावास सहित दुमका जिला में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण शून्य होने के सवाल पर अभी तक कोई सटीक पहल नहीं किया गया है। इस मुद्दे पर मोर्चा गंभीरता पूर्वक विचार कर रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि दुमका जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र का कमेटी के सदस्यों के द्वारा आंतरिक सर्वे करा कर समान विचारधारा वाले दलों एवं पिछड़ा वर्ग के मुद्दा पर आंदोलन करने वाले प्रत्याशी के समर्थन पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा इसके लिए बैठक 7 नवंबर को केंद्रीय कमिटी की बैठक रखा गया है। केंद्रीय कमेटी की बैठक में सर्वे रिपोर्ट के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रधान महासचिव डॉ.अमरेन्द्र कुमार यादव, महासचिव रंजीत जयसवाल, बुद्धिजीवी मंच के शिवनारायण दर्वे, कोषाध्यक्ष अजित मांझी, जयकांत जायसवाल, पवित्र कुमार मंडल, रमेश प्रसाद साह सहित कई लोग मौजूद थे।

विधानसभा के अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

साहिबगंज : बोरियो अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु निवार्ची पदाधिकारियों-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार के द्वारा सभी राजनैतिक अभ्यथीयो को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।धनंजय सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा, चुनाव चिन्ह- तीर कमान,लोबिन हेंब्रम, भारतीय जनता पार्टी, चुनाव चिन्ह- कमल,अमित कुमार मालतो, लोकहित अधिकार पार्टी, चुनाव चिन्ह- सेब'अरुण कुमार बेसरा, पिता- रोबर्ट सामुएल बेसरा, राष्ट्रीय देशज पार्टी, चुनाव चिन्ह- फलों से युक्त टोकरी , महेश कुमार मालतो, समाजवादी पार्टी, चुनाव चिन्ह- साइकिल मुकेश सोरेन, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, चुनाव चिन्ह- धड़ी,सूर्यनारायण हॉसदा, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, चुनाव चिन्ह - कैंची, इनोसेंट सोरेन, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- गन्ना किसान, चंदर मुर्मू, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- एअरकंडीस्नर,पैलुस मुर्मू, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह -बल्लेबाज,मंडल हॉसदा, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह -अलमारी, मनोज सोरेन, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह -बेबी वॉकर,मरंग मरांडी, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह -ऑटो- रिक्शा

रंजो कुमारी, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- गुब्बारा,रामा पहाड़िया, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह -चूड़ियॉ,वही दुसरी नौ अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित ,बरहेट विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत की अध्यक्षता में 03- बरहेट अ0ज0जा0 नामित सभी राजनीतिक अभ्यार्थियों के साथ बैठक किया गया।साथ ही सभी अभ्यार्थियों को चुनाव चिह्न प्रदान किया गया जिनमें,गमलियल हेंब्रम पिता- लखीराम हेंब्रम, भारतीय जनता पार्टी, चुनाव चिन्ह- कमल,अभ्यर्थी हेमंत सोरेन, पिता- शिबू सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा, चुनाव चिन्ह- तीर कमान,थोमस सोरेन, पिता- पौल सोरेन, झारखंड लोकतांत्रिक, चुनाव चिन्ह- कैंची,दिनेश सोरेन, पिता अमित सोरेन, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, चुनाव चिन्ह- घड़ी,अभ्यर्थी जोसेफ सोरेन, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह, बैटरी टॉर्च,नथानिएल मालतो, पिता- स्व ममैसा मालतो, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- एयरकंडीस्नर,रानी हॉसदा, पिता- शिवनाथ टुडू, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह -बेबी वॉकर,रोशनी मुर्मू, पति- सुनील मुर्मू, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- पानी का टैंक

सेबास्टियन हेंब्रम पिता- स्व जोसेफ हेंब्रम, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- गुब्बारा जबकि राजमहल विधानसभा चुनाव में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और रजिस्ट्रीकृत राजनौतिक दलों के अभ्यर्थीअनंत कुमार ओझा, भारतीय जनता पार्टी, चुनाव चिन्ह -कमल,

मो0 ताजुद्दीन, झारखंड मुक्ति मोर्चा, तीर कमान, नंदलाल साह, निर्दलीय, चुनाव चिन्ह- सेब,मोतीलाल सरकार, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, चुनाव चिन्ह-कैंची,रामेश्वर मंडल, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक चुनाव चिन्ह- फलों से युक्त टोकरी,

मो0 साहादत हुसैन, समाजवादी पार्टी, चुनाव चिन्ह- साईकिल,अधीर कुमार मंडल, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- कोट ,मो0 असलम, निर्दलीय उम्मीदवार, गुब्बारा, गोपाल चंद मंडल, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- सिलाई की मशीन,नाइम शेख, निर्दलीय, चुनाव चिन्ह- ऑटो- रिक्शा, मुरली धर तिवारी, निर्दलीय उम्मीदवार, बॉसुरी, रणधीर प्रसाद, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- बल्ला, सद्दाम हुसैन, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह-फूलगोभी सुनिल यादव, निर्दलीय उम्मीदवार, चुनाव चिन्ह- बाल्टी को मिल चुनाव चिन्ह ।

भाजपा ने हमेशा ठगने व हमेशा बांटने का काम किया है : मानव मंडल

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज/उधवा : राजमहल विधानसभा चुनाव के तिथि निर्धारित होने व स्क्रुटनी के बाद प्रत्याशी को जिताने के लिए रणनीति व बैठकों को दौर भी शुरू हो चुका है।इसी कड़ी में गुरुवार को प्रखंड के बेगमगंज में चांय विकास समिति समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार अधीर के घर में एक अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चांय विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष मानव मंडल ने किया। बैठक में निर्दलीय प्रत्याशी अधीर मंडल को जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए मानव मंडल ने कहा कि चांय विकास समिति अपनी समाज से निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में उतारा है। यह चुनाव चांय समाज के मान,प्रतिष्ठा व सम्मान का विषय है।चायं समाज के लोग वर्षों से भाजपा को जीतने का काम किया है, लेकिन बदले में इस समाज को भाजपा ने हमेशा से ठगने का काम किया है। साथ

ही समाज को सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है।चांय विकास समिति के वर्षों से एससी में शामिल करने व आरक्षण की मांग करता रहा है लेकिन किसी भी सरकार ने चांय समाज की मांग पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। जिससे चांय समाज अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने समाज से अपील किया कि सभी एकजूट होकर अधीर मंडल को वोट दें देकर जीताने की गारंटी करें। ताकि चांय समाज की आवाज विधानसभा पहुंचाया जा सके। वहीं विकास समिति के सभी सदस्यों ने अपनी अपनी विचार व सूझाव दिया। सदस्यों ने श्री मंडल को चुनाव में तन मन धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। मौके पर विश्वजीत मंडल, राहुल कुमार मंडल,उदय मंडल, सुवेश मंडल, गोपाल मंडल, राजपति मंडल, जयराम मंडल, उत्तम मंडल, संतोष मंडल, जयदेव मंडल, सर्जन मंडल, डॉ हेमंत मंडल, लव किशोर मंडल, सुकदेव

'सिंघम अगेन' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल

रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सिंघम अगेन दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। शुक्रवार 1 नवंबर को फिल्म ने जोरदार कमाई की है। फिल्म के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़े सामने आ गए हैं। 2024 की दो सबसे बड़ी फिल्में दिवाली के ठीक समय पर बॉक्स ऑफिस पर टकरा गईं। 'सिंघम अगेन' और 'भूल भुलैया 3' दोनों ही रिलीज से पहले चर्चा में थे।



'सिंघम अगेन' की पहले दिन की कमाई

पहले दिन के कलेक्शन के आंकड़ों की बात करें तो 'सिंघम अगेन' ने बाजी मार ली है। 'सिंघम अगेन' की पहले दिन की कमाई 'भूल भुलैया 3' से ज्यादा है। सैकनिल्क की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' ने रिलीज के पहले दिन 43.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म 'सिंघम अगेन' को रिलीज के पहले दिन दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म में अजय देवगन और करीना कपूर खान मुख्य भूमिका में हैं। अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ अहम भूमिका में हैं। अर्जुन कपूर 'सिंघम अगेन' में खलनायक की भूमिका निभाते हैं, जबकि सलमान खान इस कॉप यूनिवर्स फिल्म में चुलबुल पांडे की भूमिका के साथ एक विशेष कैमियो करते हैं।

भूल-भुलैया 3 बनी कार्तिक आर्यन की सबसे बड़ी सीरीज वाली फिल्म

कार्तिक आर्यन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भूल भुलैया 3' शुक्रवार 1 नवंबर को सुपरस्टार रिलीज हुई। 'भूल भुलैया 2' की तूफानी सफलता के बाद दर्शकों में इसके तीसरे पार्ट को लेकर काफी उत्सुकता थी। आखिरी फिल्म दर्शकों के सामने आ चुकी है और इस फिल्म को पहले दिन अच्छे रिस्पॉन्स मिले हैं। फिल्म की पहले दिन की कमाई के आंकड़े आए सामने। 'भूल भुलैया 3' ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन की धमाकेदार कमाई की है। 'भूल भुलैया 3' कार्तिक आर्यन की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। अजय देवगन की 'सिंघम अगेन' से क्लैश होने के बावजूद फिल्म काफी अच्छी कमाई करने में कामयाब रही है।

इंडस्ट्री ट्रैकर 'सैक्निल्क' के आंकड़ों के मुताबिक, 'भूल भुलैया 3' ने बढ़त बनाते हुए 19.22 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बनाया। रिलीज के बाद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले दिन 35.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। पहले दिन जबरदस्त कमाई कर यह कार्तिक आर्यन की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है। इससे पहले इस रिकॉर्ड का नाम कार्तिक 'भूल भुलैया 2' था। 2022 में रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन 14.11 करोड़ रुपये की कमाई की।

'भूल भुलैया 3' के कलाकार–

'भूल भुलैया 3' 2007 में आई फिल्म 'भूल भुलैया' का तीसरा पार्ट है। पहले पार्ट में अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में थे। 2022 के सीक्वल में अक्षय की जगह कार्तिक आर्यन ने ली। अनीस बजमी निर्देशित 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक रूह बाबा आते हैं जो दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। दूसरे पक्ष की सफलता के बाद तीसरे पक्ष की घोषणा की गई। तीसरे भाग में तृप्ति डिमरी, बाल विद्या, राधाकृष्ण और राजपाल यादव हैं।

मुंबई टेस्ट : गिल-पंत ने कराई भारत की वापसी, दूसरे दिन लंच तक भारत ने पांच विकेट पर बनाए 195 रन

पंत ने 60 रनों की खेली शानदार अर्धशतकीय पारी, गिल 70 रन बनाकर नाबाद

एजेंसी

मुंबई। ऋषभ पंत (60) और शुभमन गिल (नाबाद 70) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की बेहतरीन वापसी कराई। भारत ने दूसरे दिन लंच तक 5 विकेट पर 195 रन बना लिये हैं। गिल 70 और रविंद्र जडेजा 10 रन बनाकर खेल रहे हैं। पहले दिन के खेल की समाप्ति पर भारतीय दिन 86 रन पर चार विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, पहले दिन पंत 1 और गिल 31 रन बनाकर नाबाद लौटे थे, दूसरे दिन आज सुबह दोनों बल्लेबाजों ने संभलकर खेलना शुरू किया और फिर अपने हाथ खोलने शुरू किये खासकर पंत अपने पुराने अंदाज में दिखे और रिवर्स स्विप. स्कूप जैसे शॉट खूब खेला। दूसरी तरफ गिल ने भी कुछ अच्छे शॉट लगाए और 66 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल के अर्धशतक पूरा करने के बाद पंत ने भी केवल 36 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी की। 180 के कुल स्कोर पर ईश सोढ़ी ने पंत को एलबीडब्ल्यू आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। पंत ने 59 गेंदों में 8 चौके और 2 छक्के की बदौलत 60 रन बनाए। इसके बाद गिल (70) और जडेजा (10) ने लंच तक कोई और नुकसान नहीं होने दिया।

न्यूजीलैंड की पहली पारी 235 रन पर सिमटी

इससे पहले न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 235 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान टॉम लैथम ने 28, विल यंग ने 71 और डेरिल मिचेल ने 82 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से रविन्द्र जडेजा ने 5 विकेट, वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट और आकाशदीप को एक सफलता मिली।

भारतीय टीम में एक बदलाव, बुमराह की जगह सिराज को मौका

इस मैच में भारतीय टीम एक बदलाव के साथ उतरी, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं थे, इसलिए उनकी जगह मोहम्मद सिराज को मौका दिया।

न्यूजीलैंड टीम में दो बदलाव

वहीं, न्यूजीलैंड ने टिम साउथी और मिचेल सेंटनर को बाहर किया है, इन दोनों की जगह ईश सोढ़ी और मैट हेनरी को टीम में शामिल किया है।

बोका जूनियर्स में शामिल हो सकते हैं स्पेनिश फुटबॉलर सर्जियो रामोस

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्पेन के विश्व कप विजेता सर्जियो रामोस फ्री ट्रांसफर पर बोका जूनियर्स में शामिल हो सकते हैं।

टीवाईसी स्पोर्ट्स के अनुसार, 38 वर्षीय खिलाड़ी ने बोका के अध्यक्ष जुआन रोमन रिक्वेल्मे और मैनेजर फर्नांडो गागो के साथ प्रारंभिक बातचीत की है।

पिछले महीने बोका जूनियर्स की कमान संभालने वाले गागो, 2007 से 2012 तक रियल मैड्रिड में रामोस के साथी थे और आउटलेट के अनुसार, दोनों के बीच घनिष्ठ मित्रता बनी हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्यूनस आयर्स के दिग्गजों ने सेंट्रल डिफेंडर को पांच मिलियन यूरो (लगभग 5.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का वार्षिक वेतन देने की पेशकश की है।रामोस, जो 2010 विश्व कप और 2008 और 2012 में लगातार यूईएफए यूरोपीय चैम्पियनशिप जीतने वाली स्पेन टीम का एक अभिन्न अंग थे, जून में सेविला से अलग होने के बाद से किसी क्लब में नहीं हैं।

ग्लोबल सुपर लीग से पहले लाहौर कलंदर्स के मुख्य कोच बने डैरेन गॉफ

लाहौर। डेरेन गॉफ को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) टीम लाहौर कलंदर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्रैंचाइज के साथ उनका पहला काम गुयाना में ग्लोबल सुपर लीग (सीएसएल) होगा, जो 26 नवंबर से शुरू होगा। यह नियुक्ति कलंदर्स की स्टॉक प्रतियोगिता पीएसएल में अधिक स्थायी भूमिका की प्रस्तावना मानी जा रही है। आकिब जावेद, जिन्होंने आठ साल तक कलंदर्स के लिए मुख्य कोच और क्रिकेट संचालन के निदेशक के रूप में काम किया, ने पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट के साथ पीसीबी में एक नई भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पद छोड़ दिया। वह अब पाकिस्तान पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए चयन समिति के सदस्य हैं।

कलंदर्स ने 2022 और 2023 में लगातार दो बार पीएसएल खिताब जीता, लेकिन इस साल वे सबसे निचले पायदान पर रहे। आकिब के जाने से फ्रैंचाइज में एक जगह खाली हो गई है, जिसे वे अगले साल अप्रैल में पीएसएल शुरू होने से पहले भरना चाहते हैं।

गॉफ, जो 2006 में इंग्लैंड के सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर रिटायर हुए थे (और जेम्स एंडरसन के बाद अभी भी सूची में दूसरे नंबर पर हैं), इस भूमिका के लिए उत्सुक हैं, जीएसएल को एक उपयोगी अवसर के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्थायी निर्णय लिए जाने से पहले वे अपने पैर जमा सकें।

गॉफ ने एक बयान में कहा, लाहौर कलंदर्स द्वारा गुयाना में होने वाली ग्लोबल सुपर लीग के लिए मुख्य कोच बनने के लिए कहा जाना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं इस अवसर को लेकर बहुत उत्साहित हूँ, क्योंकि मुझे लाहौर में कलंदर्स के साथ कई मौकों पर काम करने का सौभाग्य मिला है, जहाँ मैंने उनके पीडीपी [खिलाड़ी विकास कार्यक्रम] में सहायता की है।

उन्होंने कहा 'हम जानते हैं कि लाहौर कलंदर्स का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को ऐसे अवसर प्रदान करना है जो उन्हें पहले कभी नहीं मिले - उनके कौशल का विकास करना और उन्हें ऐसे खिलाड़ी बनाना जो कलंदर्स का प्रतिनिधित्व कर सकें और उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट को गौरवान्वित कर सकें।'

गॉफ ने हाल ही में अपने पुराने क्लब यॉर्कशायर में प्रबंध निदेशक के रूप में काम किया, जिसे दिसंबर 2021 में क्लब पर लगे नस्लवाद के आरोपों के बाद नियुक्त किया गया था। उन्होंने इस साल मार्च में यॉर्कशायर से नाता तोड़ लिया। इससे पहले, उन्होंने 2020 में इंग्लैंड के गेंदबाजी सलाहकार के रूप में काम किया था। गॉफ के 2021 में यॉर्कशायर में शामिल होने के कुछ समय बाद, क्लब ने नस्लवाद संकट के बाद 'प्रवेश में बाधाओं को कम करके प्रतिभा को पोषित करने' के उद्देश्य से कलंदर्स के साथ साझेदारी शुरू की।

विश्व कप क्वालीफायर्स के लिए नेमार एंड्रिक ब्राजील की टीम से बाहर

एजेंसी

रियो डी जेनेरियो। अनुभवी फारवर्ड नेमार और रियल मैड्रिड के युवा एंड्रिक को वेनेजुएला और उरुग्वे के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल नहीं किया गया है। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

128 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर नेमार, लगभग एक साल पहले एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के बाद पिछले महीने अपने क्लब अल हिलाल के लिए एक्शन में लौटे।

ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने कहा कि 14 नवंबर को वेनेजुएला के साथ होने वाले मैच और पाँच दिन बाद उरुग्वे के खिलाफ होने वाले घरेलू मैच के लिए 32 वर्षीय खिलाड़ी को वापस बुलाना बहुत जल्दबाजी होगी।

डोरिवल ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह पूरी तरह से ठीक हो गया है, लेकिन उसने सिर्फ. कुछ मिनट ही खेले हैं, और यही एक बड़ी वजह थी। अगले साल तक, उसके पास खेलने के लिए ज्यादा समय होगा, वह पूरी तरह से अपना आत्मविश्वास हासिल कर लेगा।

18 वर्षीय फॉरवर्ड एंड्रिक, जिसने अपने पहले पाँच अंतरराष्ट्रीय मैचों में तीन गोल किए, चिली और पेरू के खिलाफ ब्राजील के अक्टूबर क्वालीफायर में सिर्फ. 26 मिनट खेले।

रियल मैड्रिड के साथ भी उन्हें मौके नहीं मिल पाए, पिछले तीन मैचों में स्पेनिश क्लब के लिए वे स्थानापन्न खिलाड़ी नहीं रहे।

ब्राजील वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग जोन स्टैंडिंग में 10 खेलों में 16 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है, जो लीडर अर्जेंटीना से छह अंक पीछे है। समूह की शीर्ष छह टीमें संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 2026 विश्व कप के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई करेंगी। सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतर-महाद्वीपीय प्लेऑफ में आगे बढ़ेगी।

ब्राजील की टीम इस प्रकार है

गोलकीपर : वेवर्टन (पालमीरास), बेंटो (अल-नासर), एडरसन (मैनचेस्टर सिटी)।

डिफेंडर्स : डेनिलो (जुवेंटस), वेंडरसन (मोनाको), अबनेर (ल्योन), गुइलहर्मे अराना (एटलेटिको माइनिरो), मुरिलो (नॉटिंघम फॉरेस्ट), एडर मिलिटाओ (रियल मैड्रिड), गेब्रियल मैगलहेस (आर्सेनल), मार्क्विनहोस (पेरिस सेंट-जर्मेन)।

मिडफील्डर : आंद्रे (वॉल्वरहैम्प्टन), ब्रूनो गुइमारेस (न्यूकैसल), गर्सन (फ्लेमेंगो), लुकास पाक्वेटा (वेस्ट हैम), एंड्रियास परेरा (फुलहम), रफिन्हा (बार्सिलोना)।

फॉरवर्ड : रोड्रिगो (रियल मैड्रिड), विनीसियस जूनियर (रियल मैड्रिड), लुइज हेनरिक (बोटाफोगो), इगोर जीसस (बोटाफोगो), एस्टेवाओ (पाल्मेरास), सविन्हो (मैनचेस्टर सिटी)।



अफगानिस्तान सीरीज के लिए बांग्लादेश की वनडे टीम घोषित

एजेंसी

नई दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को शामिल नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि शाकिब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मीरपुर में खेले गए अपने विदाई टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए। इससे पहले बीसीबी के प्रमुख फारुक अहमद ने सभी को इस बारे में जानकारी दी। फारुक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'शाकिब अपना विदाई टेस्ट खेलने नहीं आ पाए, जिसके बाद उन्होंने ज्यादा अभ्यास नहीं किया। मुझे लगता है कि उन्हें फिर से संगठित होने के लिए कुछ समय चाहिए।'

सलामी बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो टीम की अगुआई करेंगे और ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज दौरे पर उनके डिप्टी होंगे। राष्ट्रीय टीम ने इस सीरीज के लिए बाएं हाथ के बल्लेबाज जाकिर हसन और बाएं हाथ के स्पिनर नसुम अहमद को वापस बुलाया है।

अफगानिस्तान नवंबर में संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

दोनों टीमों के बीच पहला एकदिनी 06 नवंबर, दूसरा 09 नवंबर और तीसरा 11 नवंबर, 2024 को खेला जाएगा।

अफगानिस्तान सीरीज के लिए बांग्लादेश की वनडे टीम इस प्रकार है:- सौम्य सरकार, तनजीद हसन तमीम, जाकिर हसन, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), मुश्फिकुर रहीम, महमुदुल्लाह रियाद, तौहीद हृदोय, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, नाहिद राणा।

छठ पर बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वालों के लिए आज से फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

एजेंसी

नई दिल्ली। रेलवे ने छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे आज से उत्तर प्रदेश और बिहार के यात्रियों के लिए 71 विशेष रेलगाड़ियां का संचालन करेगा। इनमें से 41 विशेष रेलगाड़ियां दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों से बनकर चलेंगी।

उत्तर रेलवे के अनुसार, दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों से बनकर चलने वाली 41 विशेष रेलगाड़ियों में से सबसे अधिक 14 ट्रेन नई दिल्ली से चलेंगी। इसके अलावा आनंद विहार रेलवे स्टेशन से 12, दिल्ली जंक्शन से आठ, हजरत निजामुद्दीन से छह और दिल्ली छावनी से एक ट्रेन चलेगी।

नई दिल्ली से चलने वाली 14 रेलगाड़ियों में प्रमुख हैं- रेलगाड़ी संख्या 04070 नई दिल्ली से 00.20 बजे रवाना होगी और राजगीर 21 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04054 नई दिल्ली से 14:20 बजे रवाना होगी और बरौनी जंक्शन 11 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 02248 नई दिल्ली से 0825 बजे रवाना होगी और पटना जंक्शन पर 20:30 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04036 नई दिल्ली से 12 बजे रवाना होगी और भागलपुर जंक्शन पर 10 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 02564 नई दिल्ली से 17:55 बजे रवाना होगी और बरौनी जंक्शन पर 15:10 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 02570 नई दिल्ली से 12:15 बजे रवाना होगी और दरभंगा जंक्शन 10 बजे पहुंचेगी।

आनंद विहार से चलने वाली 12 रेलगाड़ियां में प्रमुख हैं- रेलगाड़ी संख्या 04032 आनन्द विहार टर्मिनल से 5:15 बजे रवाना होगी और सहरसा जंक्शन पर 10:30 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04044 आनन्द विहार टर्मिनल से 23.15 बजे रवाना होगी और गोरखपुर जंक्शन 14 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 03576 आनन्द विहार टर्मिनल से 10:15 बजे रवाना होगी और आसनसोल जंक्शन 10:20 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 05220 आनन्द विहार टर्मिनल से 8 बजे रवाना होगी और मुजफ्फरपुर जंक्शन पर 00:45 बजे पहुंचेगी।

रेलगाड़ी संख्या 04080 दिल्ली जंक्शन से 19:30 बजे रवाना होकर वाराणसी जंक्शन 9:45 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 02418 दिल्ली जंक्शन से 09:30 बजे रवाना होगी और प्रयागराज जंक्शन 19:45 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04034 दिल्ली जंक्शन से 23:45 बजे रवाना होकर जयनगर 23 बजे पहुंचेगी।

अंधेरी के पटाखा गोदाम में आग लगने से 50 झोपड़े जल कर खाक

एजेंसी

मुंबई। अंधेरी पूर्व में एमआईडीसी इलाका स्थित सुभाष नगर में एक पटाखा गोदाम में बीती रात आग लग जाने से क्षेत्र के करीब 50 झोपड़े जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आज सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम कुलिंग का काम कर रही हैं, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बीएमसी के अधिकारी ने शनिवार सुबह बताया कि सुभाष नगर में फटाखा गोदाम में ही रसोई गैस सिलेंडर रखा था। गैस सिलेंडर में अचानक विस्फोट से गोदाम में लगी आग ने अगल-बगल के करीब 50 झोपड़ों को घेरे में ले लिया था। झोपड़ों में प्लास्टिक की वजह से आग बुझाने में दिक्कत आ रही थी, लेकिन आज सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बीएमसी के अधिकारी ने बताया कि आग लगने से जिनके झोपड़े जल गए हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

न्यूज IN ब्रीफ

शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसान की मौत

चंडीगढ़। केंद्र सरकार के खिलाफ पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर पिछले आठ माह से धरना दे रहे किसान की बीती रात मौत हो गई। शुक्रवार देर रात किसान की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुस्साए किसानों ने आज केंद्र व राज्य सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मृतक की पहचान मोगा निवासी बलविंदर सिंह (72) के रूप में हुई है। बलविंदर सिंह तीन एकड़ जमीन के मालिक थे। हाल ही में वह शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन का हिस्सा बने थे। किसान नेताओं का कहना है कि यह बेहद दुखद और दर्दनाक स्थिति है। बलविंदर सिंह कुछ दिनों से बीमार थे। तबीयत खराब होने पर उन्हें पहले राजपुरा ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर पाई गई। इसके बाद उन्हें पटियाला रेफर किया गया और अंत में पीजीआई चंडीगढ़ ले जाया गया, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई चंडीगढ़ में रखा गया है। किसान नेता साथी के शव को शंभू बार्डर पर लेकर जाना चाहते हैं। इसे लेकर पंजाब सरकार तथा किसान नेताओं के बीच बातचीत चल रही है।

दीवाली के दो दिनों बाद भी गाजियाबाद में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर, एक्यूआई अभी भी 300 पार

गाजियाबाद। उच्चतम न्यायालय के प्रतिबंध के बावजूद दीवाली पर चली आतिशबाजी व पटाखों के कारण गाजियाबाद में प्रदूषण की स्थिति शनिवार को भी खतरनाक श्रेणी में हैं। हालांकि नोएडा में शुक्रवार की अपेक्षा मामूली राहत है। गाजियाबाद में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन एक्यूआई 308 रहा। वहीं नोएडा में एक्यूआई 274 रहा। जबकि शुक्रवार को गाजियाबाद में एक्यूआई 337 और नोएडा में 332 था। यानि दोनों ही जिलों में मामूली सी राहत रही। गाजियाबाद में लोनी में सबसे ज्यादा प्रदूषण रिकॉर्ड किया गया। यहां पर एक्यूआई 340 रहा। जबकि संजय नगर में 328,इन्दिरपुरम में 281 और वसुंधरा में 282 रहा। जहां तक नोएडा की बात है तो वहां सेक्टर 125 में (यूपीपीसीबी)एक्यूआई 231,सेक्टर 62 में एक्यूआई273,सेक्टर एक मे 274 तथा सेक्टर 116 में एक्यूआई 261 रहा। गाजियाबाद में लगातार दो दिन से एक्यूआई 300 से ज्यादा रहने के कारण सांस व दमे के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो गयी है। साथ ही बच्चों व बुजुर्गों को भी सांस लेने में तकलीफ हो रही है। बुजुर्गों को चिकित्सकों ने सुबह के वक्त मास्क लगाकर ही जाने की सलाह दी है। वरिष्ठ नाक-कान गला विशेषज्ञ डॉ.बीपी त्यागी का कहना है कि प्रदूषित वातावरण में लंबे समय तक रहने के कारण श्वसन और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों, मस्तिष्क और तंत्रिका से संबंधित रोग, यहां तक कि गर्भस्थ शिशु को भी नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। जिस तरह से दीपावली के बाद लगातार गुणवत्ता खराब हो गयी है वह चिंतनीय है। डॉ. त्यागी का कहना है कि प्रदूषित वातावरण का बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर सबसे ज्यादा असर देखा जाता रहा है। घरों से बाहर निकलते समय एक बार फिर से सभी लोगों के लिए मास्क पहनना जरूरी हो गया है। वहीं शहर के वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर आनंद वशिष्ठ का कहना है कि दीपावली के बाद प्रदूषण काफी बढ़ गया है। जिस कारण सांस और दमा के रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही बच्चों को भी इंफेक्शन हो रहा हैं। जिससे उन्हें खांसी, निमोनिया व जुकाम हो रहा है। उनके पास कई बच्चे कल से अब तक आ चुके हैं इसलिए मां-बाप को इंफेक्शन से बचने के लिए बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए । वहीं इंफेक्शन से बचने के लिए खानपान पर भी ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि बुजुर्गों को यदि सुबह को सैर पर जाना है तो बिना मास्क के बिल्कुल नहीं जाना चाहिए।

मध्य प्रदेश में नवंबर के दूसरे हफ्ते बढ़ेगी सर्दी, पचमढ़ी में तापमान 12.6 डिग्री पहुंचा

भोपाल। मध्य प्रदेश में दिवाली के बाद अब कई शहरों में सर्दी का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने नवंबर के दूसरे हफ्ते सर्दी बढ़ने का अनुमान जताया है। उत्तरी हवाओं के असर से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और दूसरे शहरों में रात के तापमान में गिरावट आएगी। नवंबर के पहले दिन पचमढ़ी सबसे सर्द रहा। यहां सीजन में पहली बार रात का तापमान 12.6 डिग्री पहुंच गया। उज्जैन, मंडला समेत 25 से ज्यादा शहरों में पारा 20 डिग्री से नीचे ही रहा। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट होने लगती है। खासकर रातें ज्यादा सर्द हो जाती हैं। दूसरे सप्ताह में हवाओं का असर तेज होगा। इससे पारे में गिरावट आएगी। हालांकि, दिन में पारा 30 डिग्री के आसपास ही बना रहेगा। दिवाली की रात पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला में 15.6 डिग्री, मलाजखंड में 16.1 डिग्री, बैतूल में 16.5 डिग्री, राजगढ़ में 17.4 डिग्री, रीवा-रायसेन में 17.5 डिग्री, उमरिया में 17.8 डिग्री, छिंदवाड़ा में 18 डिग्री, टीकमगढ़ में 18.2 डिग्री, भोपाल-खंडवा में 18.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। जबकि खरगोन में 18.6 डिग्री, ग्वालियर-नर्मदापुरम में 18.8 डिग्री, जबलपुर, नौगांव, सिवनी-उज्जैन में 19 डिग्री, गुना-इंदौर में 19.4 डिग्री, खजुराहो-रतलाम में 19.5 डिग्री और धार-नर्मदापुरम में 19.8 डिग्री पहुंच गया। गौरतलब है कि नवंबर में राजधानी में रात का तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से ऐसा ही ट्रेंड रहा है। इस बार भी दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़केगा। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में नवंबर में रात का तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह 30 नवंबर 1941 को दर्ज किया गया था। इस महीने बारिश होने का ट्रेंड भी है। 10 साल में दो बार बारिश हो चुकी है। साल 1936 में महीने में साढ़े 5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

हावड़ा: पटाखा जलाते समय कमरे में लगी आग, दो बच्चों व महिला की झुलस कर मौत

कोलकाता। हावड़ा जिले के उलूबेड़िया में शुक्रवार रात आतिशबाजी के दौरान आग लगने से दो बच्चों सहित तीन लोगों की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब घर के अंदर बच्चे फुलझड़ी जला रहे थे, तभी आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि वहां मौजूद बालक, बालिका और महिला गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। यह घटना गत शाम करीब सात बजे उलूबेड़िया के बाजारपाड़ा इलाके में हुई। बच्चों के फुलझड़ी जलाते ही आग फैलने लगी, जिससे पूरे कमरे में धुआं और आग फैल गई। शनिवार को पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कमरे में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग ने भयानक रूप ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों और पुलिसकर्मियों ने आग पर काबू पाया। वहीं, कोलकाता के पाटुली इलाके में भी बम विस्फोट से दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि एक किशोर ने खेलते समय बम को गेंद समझ कर उठा लिया, जो तुरंत फट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर पाते ही पुलिस ने इलाके को घेर लिया और मौके पर जांच शुरू कर दी। शनिवार को भी इलाके में माहौल तनावपूर्ण है और अतिरिक्त संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है।

एसएसबी और पुलिस ने 24 किलो गांजा के साथ कार किया जब्त,तस्कर गिरफ्तार

अररिया। भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित जोगबनी बॉर्डर पिलर संख्या 180 पर एसएसबी और जोगबनी थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 24 किलो गांजा के साथ कार पर सवार तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार गांजा तस्कर नेपाल से स्विफ्ट डिजायर कार संख्या बीआर11के-2202 में डिक्की के नीचे अलग से तहखाना बनाकर गांजा के पैकेट को छिपा कर रखा था।एसएसबी और जोगबनी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की। गांजा के साथ कार को भी जब्त किया गया।मामले में गिरफ्तार तस्कर रानीगंज थाना क्षेत्र के विस्टोरिया पंचायत के डुमरिया वार्ड संख्या एक का रहने वाले प्रदीप पासवान के 21 वर्षीय पुत्र अमित कुमार पासवान है।एसएसबी की ओर से जोगबनी बीओपी के एसआई रघुनाथ और जोगबनी थाना पुलिस के एसआई अरविंद कुमार राय के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

बलिया महोत्सव की सफलता पर मनोज तिवारी ने परिवहन मंत्री को सराहा

एजेंसी

बलिया। बलिया महोत्सव के मंच पर अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति पर हजारों लोगों को झूमते देख दिल्ली के सांसद और भोजपुरी गायक मनोज तिवारी खासे गदगद दिखे। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश होकर यहां से जा रहा हूं।

श्री तिवारी ने बलिया महोत्सव की सफलता के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि बलिया कोई सामान्य जिला नहीं है। यह एक संस्कृति का नाम है। यह महर्षि भृगु की धरती है। यह अमर सेनानी मंगल पांडेय, चित्तू पाण्डेय और जयप्रकाश नारायण की भूमि है। यह गंगा से आच्छादित धरती है। यहां एक से बढ़कर एक तपस्वी हुए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन में इस भूमि की अग्रणी भूमिका रही थी। बलिया महोत्सव में देश के नामी-गिरामी लोगों को आना चाहिए। ताकि उन्हें यहां की ऊर्जा मिले। इसके पहले मंच से उन्होंने कहा कि बलिया में बहुत करंट है। उन्होंने रिंकिया के पापा और बगल वाली समेत तमाम आइकोनिक गीतों को गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मनोज तिवारी ने गंगा पर भी गीत गाया। उनके गीतों को सुनने के लिए भारी भीड़ जमा थी।

सबकी समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है सरकार : सीएम योगी

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शनिवार को जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की समस्याओं के समाधान को प्रतिबद्ध है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया वे पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर शनिवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

अमेरिका ने आगाह किया ईरान को, मध्य पूर्व में तैनात होंगे बी-52 बमवर्षक विमान

एजेंसी

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका ने मध्य पूर्व में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण अब इस क्षेत्र में बमवर्षक विमान, युद्धक विमान और नौसेना के विमानों को भेजने का आदेश दिया है। यह जानकारी पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने एक्स हैंडल पर जारी विज्ञप्ति में दी।

पेंटागन के प्रेस सचिव राइडर ने कहा कि अमेरिका ने बी-52 बमवर्षक विमान, लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन, टैंकर विमान और नौसेना के विध्वंसक विमानों को तैनात करने का आदेश दिया है। जल्द ही यह विमान यहां से रवाना होंगे। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और उसके स्ट्राइक ग्रुप में शामिल तीन विध्वंसक जल्द ही सैन डिएगो स्थित बंदरगाह पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मध्य पूर्व में अपने नागरिकों और बलों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए रक्षा सचिव ऑस्टिन ने अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन और टैंकर की तैनाती का आदेश दिया है। इजराइल में टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस मिसाइल रक्षा प्रणाली के साथ पूर्वी भूमध्य सागर में डीओडी की निरंतर एम्फीबियस रेडी ग्रुप मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की तैनाती की

जाएगी। पेंटागन के प्रेस सचिव के अनुसार, रक्षा सचिव ऑस्टिन ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान फिर इजराइल पर हमला करता है तो अमेरिका हर आवश्यक उपाय करेगा। यहां यह जानना जरूरी है कि पहली अक्टूबर को ईरान ने इजराइल पर 180 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। इस घटना के ठीक 25 दिन बाद इजराइल ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर लड़ाकू विमानों से हमला किया। अब ईरान ने इसका जवाब देने का ऐलान किया है।

खरगोन: ट्रक बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रक में लगी आग, तीन बाइक सवार घायल

खरगोन। इंदौर से मुंबई की ओर जा रहे गेहूं से भरे ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार तीन लोग घायल हुए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि करीब सौ मीटर तक बाइक को चालक सहित घसीटते हुए ले गया। जिससे ट्रक में आग लग गई। ट्रक में आग लगते ही बाइक चालक भी जलने लगा। हादसे में दो महिलाएं और एक पुरुष घायल हो गए। दो लोगों को इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, हादसा मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निमरानी में पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को शाम करीब पांच बजे हुआ। अजय परमार अपनी सास और साली को लेकर पानवा से ग्राम निमरानी की तरफ जा रहा था, उसी समय हादसा हुआ। ग्रामीणों ने जलते ट्रक से बाइक चालक अजय और केसरीबाई को बाहर निकाला।

इजराइल के हमले में हमास का मजबूत मोहरा इज अल-दीन कसाब मारा गया

एजेंसी

गाजा। इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के हमले में आतंकवादी समूह हमास का इस वक्त का सबसे मजबूत मोहरा इज अल-दीन कसाब मारा गया। आईडीएफ को यह सफलता खान यूनिस में मिली।

आईडीएफ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शुक्रवार को इज अल-दीन कसाब के फोटो के साथ इस हमले का संक्षिप्त विवरण जारी किया। आईडीएफ ने कहा कि इस हमले में कसाब मारा गया। वह हमास के राजनीतिक ब्यूरो का सदस्य था। संगठन के भीतर राष्ट्रीय संबंधों के लिए जिम्मेदार था। कसाम गाजा में हमास और अन्य आतंकवादी संगठनों के बीच समन्वय करता था। इसके अतिरिक्त कसाब गाजा में अन्य गुटों के साथ संगठन के रणनीतिक और सामरिक संबंधों के लिए जिम्मेदार था। उसके पास इजराइल के खिलाफ आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का निर्देश देने की जिम्मेदारी थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रीस के अपने समकक्ष किरियाकोस मित्सोटाकिस से की बातचीत

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस की फोन पर हुई बातचीत में भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई गई। मित्सोटाकिस ने अपने फोन कॉल में प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा चुनाव में तीसरी बार चुने जाने पर भी बधाई दी।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, दोनों नेताओं ने हाल के उच्चस्तरीय आदान-प्रदान के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों में आई गति की सराहना की तथा भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने इस वर्ष की शुरूआत में प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस की भारत यात्रा के बाद व्यापार, रक्षा, नौवहन और कनेक्टिविटी सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने आईएमईईसी और पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों सहित विभिन्न क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेता एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'कल प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ सार्थक बातचीत हुई, जिसमें भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी में अपने सहयोग को गहरा करना है। ग्रीस यूरोपीय संघ के भीतर भी भारत के लिए एक मूल्यवान भागीदार है।'

जैंतगढ़ में शिवलिंग तोड़े जाने से भड़का गुस्सा, टायर जला कर सड़क जाम

मेट्रो रेज संवाददाता

चाईबासा : जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जैंतगढ़ मोची साही स्थित लगभग 200 वर्ष पुराना प्राचीन नीलकंठ शिव मंदिर के शिव लिंग को 1 नवम्बर की शाम किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने से सभी धर्म व समुदाय के लोगों में ऐसा कृत्य करने वालों के खिलाफ भारी रोष है। इस घटना से नाराज दर्जनों लोगों ने जैंतगढ़ स्थित झंडा चौक पहुंच तथा टायर जला कर एनएच मुख्य सड़क मार्ग को 1 नवम्बर की शाम लगभग 8 बजे से जाम कर तमाम दुकानों को बंद करा दिया था।

शुक्रवार शाम दीप जलाने गए भक्त ने दी जानकारी

लोगों ने बताया कि शुक्रवार की शाम जब मंदिर में संध्या दीप जलाने एक व्यक्ति गया तो देखा कि शिव मंदिर का शिव लिंग व अन्य मूर्तियां पूरी तरह टूटी हुई है। बस इसकी खबर आग की तरह फैल गई। देखते देखते लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने मुख्य मार्ग को टायर जला कर जाम कर दिया।

जैंतगढ़ व चम्पुआ में आज बंद हैं दुकानें

घटना के दूसरे दिन 2 नवम्बर को जैंतगढ़ व चम्पुआ (ओडिशा) के दुकानदारों ने सुबह से ही स्वतः अपनी दुकानें बंद रखे हुये हैं। जबकि शनिवार को जैंतगढ़ में लगने वाली सप्ताहिक हाट की वजह से नो इन्ट्री होने की वजह से भारी वाहनों का परिचालन रूका रहता है। रात आठ बजे के बाद नो इन्ट्री खुलने पर वाहनों का परिचालन होगा। सूत्रों का कहना है कि पुलिस इस घटना में शामिल लोगों को चिन्हित करने हेतु तमाम वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल कर रही है। घटना के समय उक्त मंदिर क्षेत्र में कौन कौन मोबाइल एक्टिव थे उन सबकी जांच प्रारम्भ कर दोषियों का पता लगाने में जुटी है।

दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

समाजसेवी आमीर हिन्दुस्तानी ने कहा कि जैंतगढ़ व आसपास क्षेत्र के सभी धर्म व समुदाय के लोग आपस में एक परिवार व भाईचारा के साथ रहते हुये एक-दूसरे के पर्व-त्योहारों, सामाजिक व धार्मिक कार्यों में मदद करते रहे हैं। जैंतगढ़ क्षेत्र में इससे पहले ऐसी घटना कभी नहीं घटी। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है। इस घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ पुलिस-प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिये ताकि भविष्य में दुबारा कोई भी व्यक्ति किसी की धार्मिक स्थल व आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सके। इस घटना से आक्रोशित लोगों का कहना है कि ऐसी घटना को अंजाम देने वाले लोगों को सभ्य, स्वच्छ व शांतिप्रिय समाज में कोई स्थान नहीं है। ऐसी घटना से लोग जैंतगढ़ का आपसी एकता व भाईचारा में कोई जहर घोल नहीं सकता। पुलिस-प्रशासन अविलम्ब इसमें शामिल लोगों को पकड़ कार्यवाही करे।

न्यूज ब्रीफ

गिरीराज सेना प्रमुख उमाशंकर गिरी एसटीपी से मिले और उन्हें शुभकामना दी

चक्रधरपुर अनुमंडल के नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नलिन कुमार मरांडी से गिरिराज सेवा के प्रमुख उमाशंकर गिरी अपने सदस्यों के साथ मिले और उन्हें शुभकामना दी इस मौके पर गिरिराज सेना के प्रमुख उमाशंकर गिरी ने कहा कि नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नलिन कुमार मरांडी के चक्रधरपुर अनुमंडल में पदस्थापना से बेहतर विधि व्यवस्था होने के साथ-साथ वे आम जनों की समस्या और पीड़ा को भी सुनेंगे और जानेंगे श्री मरांडी के आगमन से चक्रधरपुर अनुमंडल वासियों में बेहद उत्साह है।

डीसी ने लिया चुनाव तैयारियों का जायजा

दुमका : समाहरणालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र (07-शिकारीपाड़ा, 10-दुमका, 11-जामा, 12-जरमुंडी) में दिनांक-20.11.2024 को मतदान किया जाना है। दिनांक-22.10.2024 से 29.10.2024 तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की तिथि निर्धारित थी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एक-एक कर सभी चार विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची की जानकारी दी।

उधवा में दीपावली का जश्न देर रात तक गूंजती रही पटाखों की आवाज

साहिबगंज/उधवा : उधवा प्रखंड क्षेत्रों में दीपावली पर देर रात तक पटाखों की आवाजें गूंजती रहीं। चौक चौराहों व गली मोहल्लों में युवा एवं बच्चे पटाखा जलाते नजर आए। इस पर्व के उत्साह हर चेहरे पर साफ झलक रहा था, खासकर बच्चों और युवाओं में। लोग छतों और मैदानों में फुलझड़ी समेत तेज आवाज वाले पटाखों का आनंद लेते नजर आए। पूरा उधवा क्षेत्र रोशनी में नहाया हुआ था, जहां जगमगाती सड़कें और गलियां दीपावली की धूम का बखान कर रही थीं।

सुरक्षा के मद्देनजर राधानगर पुलिस बल हर जगहों पर गस्ती करते देखे गए। कुछ जगहों पर जुआ संचालित होने की खबर पाकर राधानगर पुलिस ने छापेमारी की। हालाकी पुलिस के भनक पाते ही सभी फरार हो गए थे। दीपावली पर्व पर लोग न सिर्फ तेज आवाज वाले पटाखों का मजा ले रहे थे, बल्कि फुलझड़ी, चरखी जलाकर अपने उल्लास का इजहार भी कर रहे थे। दुकानदारों ने बताया कि इस साल पटाखों की बिक्री अच्छी हुई, जो त्योहार के प्रति लोगों की दीवानगी को दशार्ता है।शाम को आतिशबाजी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह देर रात तक चलता रहा। बमों की गूंज के साथ रंग-बिरंगे रोशनी करने वाले पटाखे आसमान में सतरंगी छटा बिखेरते रहे। इस खुशी के मौके पर, लोगों ने अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में विधि-विधान के साथ दीपावली की पूजा की। मिट्टी के दीपक और बिजली के झालरों से घरों को सजाया गया, जिसने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। इस दीपावली ने लोगों के दिलों में उल्लास और उमंग का संचार किया, और इस पर्व की रौनक को और भी बढ़ा दिया।

उधवा में स्वीप के तहत चलाया गया मतदाता जागरूक अभियान

साहिबगंज/उधवा : राजमहल विधानसभा क्षेत्र में आगामी 20 नवंबर को दूसरे चरण की चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार दक्षिण सरफराज गंज पंचायत के बूथ संख्या 279, 280 और दक्षिण पलाश गाछी पंचायत के बूथ संख्या 349,350,351 एवं 379 में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का शपथ भी दिलाया गया। इस अभियान में मतदाताओं को कहा गया कि आगामी 20 नवंबर को दूसरे चरण में राजमहल विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव होनी है। कहा कि 20 नवंबर को अपना मताधिकार का प्रयोग निश्चित रूप से करने की अपील की गई। कहा गया कि प्रलोभन से हटकर अपना मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी की निर्वहन करेंगे।

चक्रधरपुर व आसपास क्षेत्र में महसूस हुए भूकंप के झटके

चाईबासा : चक्रधरपुर व आसपास क्षेत्र में शनिवार सुबह लगभग 9 बजकर 17 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होने पर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए और अफरातफरी मच गई। वहीं थोड़ी देर में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से भूकंप के झटके की खबर फैल गई। चक्रधरपुर के अलावे सोनुवा, गोईलकेरा, मनोहरपुर, आनंदपुर, गुदड़ी प्रखंड में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। बताया जाता है कि भूकंप की तीव्रता 4।3 थी। इधर भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग सतर्कता बरत रहे हैं।

मतदान कर्मियों का हुआ रेंडमाइजेशन, विधानसभावार मतदान दल हुआ गठित

जमशेदपुर : विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन बृहस्पतिवार को जिला सभागार में हुआ। इस दौरान उपायुक्त के अलावे सभी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षकम मौजूद रहे। रेंडमाइजेशन का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किए गए विशेष साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। विदित हो कि प्रथम रेंडमाइजेशन में निर्वाचन में कार्य करने वाले कर्मचारियों का चयन हुआ था। दूसरे रेंडमाइजेशन में सभी 1913 मतदान केन्द्रों के लिए विधानसभावार मतदान दल गठित किए गए। तीसरा रेंडमाइजेशन मतदान दल रवाना होने से पहले किया जाएगा। जिसमें मतदान केन्द्रों के लिए कर्मी निर्धारित किए जाएंगे। इस दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, अपर उपायुक्त श्री भगीरथ प्रसाद, विशिष्ट अनुभाडन पदाधिकारी राहुल जी आनन्द जी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी किशोर प्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित थे।

अधिकारियों व जवानों ने ली एकता की शपथ

चाईबासा : एकता दिवस पर गुरुवार को किरीबुरु थाना प्रांगण में थाना प्रभारी मुनाजीर हसन, गुवा थाना में थाना प्रभारी नीतीश कुमार एवं बड़ाजामदा थाना में थाना प्रभारी विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों व जवानों ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान थाना प्रभारियों ने पुलिस कर्मियों को संबोधित कर कहा कि यह एकता दिवस एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले राष्ट्र नायक भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर पूरे देश में मनाया जाता है।

बंधु तिर्की ने शिल्पी नेहा तिर्की के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया

मेट्रो रेज संवाददाता

चान्हो। चान्हो प्रखंड में कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के पक्ष में वोट मांगने के लिए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने ग्राम पंचायत सिसई, गोके, कंजगी, मदई, लुंडरी, सुकुरहुटु, और कटैया समेत कई गांवों का दौरा किया।

इस दौरान बंधु तिर्की ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने दो साल के छोटे कार्यकाल में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा, ₹आज झारखंड ही नहीं, देश के कोने-कोने में शिल्पी नेहा तिर्की की पहचान हो रही है। उनके द्वारा किए गए काम को देखते हुए, अगले पाँच सालों के लिए उन्हें एक और मौका दिया जाना चाहिए।₹

जनता ने भी बंधु तिर्की की बातों को सुनने के बाद अपनी सहमति जताई और कहा कि शिल्पी को मांडर विधानसभा से भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लेकर आए हैं।

इस जनसंपर्क अभियान में अल्पसंख्यक अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, चांद मुनि उरांव, रंकी उरांव, समरुदीन अंसारी, बिरसा लोहरा, फिरोज अंसारी, पंचु उरांव, संतोष भगत, हफीज अंसारी, बंधना उरांव, हसन जुनी उरांव, माडु उरांव, अल्फ्रेड मिंज, जगदीश गोप, बबलु उरांव, दिनेश उरांव, सोसल उरांव, डहरु उरांव, महादेव मुखिया, एतवा उरांव, भौवा उरांव, मनीष उरांव, मो. साबीर अंसारी, सिटु उरांव, नइमुदीन अंसारी, साजीद अंसारी, जुल्फेकार अली, इरसाद खान, माजीद अंसारी, तैयब अंसारी, और दिलीप सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस मौके पर कार्यकताओं और स्थानीय जनता ने शिल्पी नेहा तिर्की के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में उन्हें भारी मतों से जीताकर विधानसभा भेजेंगे।

भगेरिया फाऊंडेशन का रक्तदान शिविर 17 नवंबर को

कमांडेंट द्वितीय को आगमन के लिए निमंत्रित किया गया

बिनय मिश्रा

पश्चिम सिंहभूम जिला में अपनी दमदार सहभागिता एवं जनहित के कार्यों से अपनी दमदार पहचान रखने वाला भगेरिया फाऊंडेशन के तत्वधान में आगामी 17 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।भगेरिया फाउंडेशन के द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में सीआरपीएफ के द्वितीय कमांडेंट पवन कुमार को श्री भगोरिया में आमंत्रित किया। अपने सामाजिक दायित्व एवं रक्तदान शिविर के माध्यम से प्राण रक्षा के लिए निरंतर भगेरिया फाउंडेशन के द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे। इसी क्रम में पुनः 17 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है इस रक्तदान शिविर में श्री भगोरिया ने सीआरपीएफ कमांडेट द्वितीय पवन कुमार को उक्त रक्तदान शिविर में उपस्थित और शामिल रहने के लिए निमंत्रित किया जिसे कमांडेंट द्वितीय पवन कुमार ने स्वीकार करते हुए उक्त तिथि को उपस्थित रहने की बात कही है ।

गौरतलब हो कि कमांडेंट 60 बटालियन द्वितीय पवन कुमार के द्वारा निरंतर सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित किए जाने का भी कार्य किया जाता है।

कराईकेला में भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

भाजपा चुनाव में भारी मतों से जीत कर सरकार बनाएगी

मेट्रो रेज संवाददाता

बंदगांव: भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शशिभूषण सामड ने कराईकेला में भाजपा पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर श्री सामड ने कहा कि इसी कार्यालय से चुनाव की तैयारी होगी। हम गांव-गांव जाकर जनता से उनका बहुमूल्य मत मांगेगे और जनता के सभी समस्याओं से रूबरू होकर समस्याओं का निवारण करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि चक्रधरपुर की जनता इस जुमलेबाज झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार से परेशान हो गई है और इसे हटाकर भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने अपने कार्यकताओं का जोश भरते हुआ कहा कि इस बार के मतदान में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को विजय दिलवाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करें। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी, प्रवासी एवं कार्यकताओं के साथ एक बैठक का भी आयोजन किया । उन्होंने सभी कार्यकताओं को चुनाव तक जोर शोर से चुनावी कार्य मे जुटने की अपील किया। इस मौके पर इस मौके पर महिला मोर्चा की अनिता सम्बरूई, कराईकेला मंडल अध्यक्ष बीजू प्रामाणिक,एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष तिरथ जामुदा, मुखिया कुश पूर्ति,युवा मोर्च अध्यक्ष बिट्टू मिश्रा, मंत्री बबलू प्रामाणिक, विजय नाग, देवा प्रामाणिक, संजय प्रामाणिक,मंगल बोदरा, मुंडे बोदरा,सुसेन प्रधान, नवरतन प्रधान, दीपक महतो,कमल महांती,चतुर्भुज महतो,ललिता देवी, रथिया बारीक,अभी प्रामाणिक, जितेंद्र सांडिल समेत अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

सरगुंजा के पीले फूलों से गुलजार हुआ सारंडा वन क्षेत्र

चाईबासाः सरगुंजा के पीले फूलों से एशिया का सबसे बड़ा साल जंगल सारंडा गुलजार हो गया है। सारंडा के लोग खाने के तेल के लिये भारी पैमाने पर सरगुंजा की खेती करते हैं। सरगुंजा के बदले वह व्यापारियों से चावल भी बदली करते हैं। इसकी खेती में अधिक मेहनत एवं अधिक पानी की जरूरत नहीं होती इसलिये वह पहाड़ी व ढलानों पर स्थित अपनी तमाम भूमि पर सरगुंजा की खेती करते हैं।

सारंडा के किसी भी ग्रामीण व मुख्य सड़कों से गुजरते समय सारंडा की तमाम वादियों एंव जंगलों को इन पीले फूलों से पटा देखा जा सकता है। सारंडा से गुजरने वाले तमाम राहगीर एक बार सरगुंजा के फूलों से पटे खेतों में घुसकर एक सेल्फी या फोटो खिंचा इन लम्हों को यादगार बना रहे हैं। सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने बताया की सरगुंजा की खेती हम किसान अपने खेतों में एक-एक वर्ष के अंतराल पर करते हैं। इससे खेत की उर्वरकता कायम रहती है। अर्थात इस वर्ष जिस खेत में सरगुंजा की खेती करेंगे तो अगले वर्ष उसमें गोडा. धान या अन्य फसल लगाते हैं। सरगुंजा का बीज से तेल निकाला जाता है जिसका इस्तेमाल खाने में होता है। पिछले वर्ष स्थानीय हाट-बाजार में सरगुंजा का बीज 50-60 रुपए किलो अथवा 10 डब्बा सरगुंजा के बदले 20 डब्बा चावल के हिसाब से बिक्री हुआ था। इस वर्ष क्या कीमत होगी वह आने वाला समय बतायेगा।

मांडर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने खोले चुनावी कार्यालय

सन्नी टोप्पो ने कहा इस बार मांडर में बदलाव लाएंगे

मेट्रो रेज संवाददाता

मांडर/चान्हो। मांडर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने शुक्रवार को चान्हो प्रखंड के बीजुपाड़ा, मांडर के कंदरी, ओपा और अन्य स्थानों पर चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान भाजपा और आजसू के कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने भी हिस्सा लिया और कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा, ₹2014 में जिस तरह से कमल खिला था, इस बार भी सभी कार्यकताओं की मेहनत और जनता के समर्थन से मांडर में फिर से कमल खिलेगा।₹

भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने इस अवसर पर कहा, ह्लहम सभी कार्यकताओं की मेहनत, लगन और जनता के समर्थन से मांडर विधानसभा में परिवर्तन जरूर करेंगे। मांडर की जनता बदलाव चाहती है, और भाजपा की सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी।ह्व

इस अवसर पर कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पार्टी नेता भी मौजूद रहे। चान्हो क्षेत्र से उपस्थित कार्यकताओं में आजसू और भाजपा के वरिष्ठ नेता, ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा सिंह, जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, विजय कुमार, सतिश शाह, बीजुपाड़ा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, विशेश्वर महतो, दीपक कुमार, कमलू साहू, विजय सोनी, मुकेश सोनी, मांडर मंडल अध्यक्ष गोपाल उरांव, हरीश जगराम कुजूर, सुधाकर चौबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश प्रसाद, मुखिया संघ के लक्ष्मण भगत, और वरिष्ठ नेता विष्णु तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। टांगरबसली मंडल के उद्घाटन में मंडल अध्यक्ष पुरंजय महतो, बजरंग सिंह, प्रवीण राय, हरीश को, भूपेंद्र माली, राजकुमार ठाकुर, शुकरा उरांव, उमेश साहू और भाजपा के सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया, जिससे सभी कार्यालयों में जोश और समर्थन का माहौल बना रहा।

कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि इस चुनाव में मांडर विधानसभा से भाजपा को विजय दिलाकर विकास का नया अध्याय शुरू करेंगे।